रोहतक
शनिवार, 23 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 27, अंक : 331
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00
आमंत्रण मूल्य ₹ 3.00/-


मौसम
अधि. 22.9
न्यून. 3.8

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



10 सिफ्ट और रिदम ने निशानेबाजी ट्रायल्स में दर्ज की शानदार जीत




कुरुक्षेत्र में गीता महोत्सव के संत सम्मेलन में बोले गृहमंत्री शाह

# गीता में समाज की सभी समस्याओं का समाधान इसका संदेश दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाएं

संत महात्माओं ने किया भगवद्गीता के ज्ञान को पुनर्जीवित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि समाज की सभी समस्याओं का समाधान भगवद्गीता में है। इसका संदेश देश और दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचना चाहिए। कुरुक्षेत्र में मनाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से देश-विदेश में गीता का शास्वत संदेश पहुंच रहा है। शाह अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान आयोजित संत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद कई संतों और महात्माओं ने भगवद्गीता के ज्ञान को पुनर्जीवित किया है। मैं दुनिया भर के कई विद्वानों से मिला हूं और सभी का मानना है कि पूरी दुनिया की सभी समस्याओं का समाधान गीता के संदेश में है।

### संस्कृति को आगे बढ़ा रही भाजपा

शाह ने कहा कि भाजपा इस विश्वास के साथ अपना चुनावी घोषणा पत्र लाती है कि देश की महान संस्कृति को हमेशा आगे बढ़ाया जाना चाहिए। देश की महान संस्कृति को मार्गदर्शक मानकर नीतियां तय की गईं। उन्होंने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बारे में भी बात की और कहा कि इसके निरस्त होने से जम्मू-कश्मीर का भारतीय संघ के साथ पूर्ण एकीकरण संभव हो सका।

## सीएम मनोहर बोले, देश से गुलामी के चिह्नों को मोदी-शाह ने हटाया



### श्रीकृष्ण, अर्जुन ने मानव कल्याण के लिए किया युद्ध

महाभारत का संदर्भ देते हुए शाह ने कहा, हम यहां कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि पर बैठे हैं। 5,000 साल से भी पहले भगवान कृष्ण ने अर्जुन को गीता का संदेश दिया। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गीता महोत्सव आयोजित करने की इच्छा जताई थी और 2016 से यह महोत्सव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। असम इस साल महोत्सव का भागीदार राज्य है। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को युद्ध के लिए प्रेरित करने और उनकी शंकाओं का समाधान करने के लिए यह ज्ञान दिया था। मगर वह युद्ध अपने लिए नहीं, बल्कि पृथ्वी पर धर्म की स्थापना और सर्वसमाज के कल्याण के लिए था। शाह ने कहा कि मोदी के कार्यकाल में अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। वाराणसी में कांशी विश्वनाथ जैसा गलियारा विकसित किया जाएगा। हमने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, गीता की शिक्षाओं ने हमेशा मेरा मार्गदर्शन किया है। (पेज दो भी देखें)

### सीएम ने किया शाह का स्वागत

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर आगमन करने के लिए प्रदेश की 2.80 करोड़ लोगों की ओर से स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2014 से भारत सरकार का संचालन भारतीय संस्कृति के अनुसार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह आसान तरीके से जटिल मुद्दों को सुलझा लेते हैं। जम्मू-कश्मीर से 370 हटाने, अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण, ट्रिपल तलाक जैसे ऐतिहासिक फैसले लिए हैं।

## खबर संक्षेप

### इस बार मैक्रों होंगे गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि



**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाली परेड में मुख्य अतिथि होंगे। इसी के साथ वह छठे फ्रांसीसी नेता बन जाएंगे जिन्हें भारत ने यह सम्मान प्रदान किया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। भाषा

### मुंबई कोविड केंद्र घोटाला 12 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने धन शोधन की जांच के सिलसिले में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद संजय राउत के कथित सहयोगी सुजीत पाटकर समेत कई लोगों की 12 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। संघीय एजेंसी की जांच मुंबई में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) द्वारा संचालित कोविड देखभाल केंद्रों के गठन में कथित धोखाधड़ी से संबद्ध है। भाषा

### राज्यसभा की 4 सीटों पर 19 जनवरी को चुनाव

**नई दिल्ली।** देश की चार राज्यसभा सीटों पर 19 जनवरी को चुनाव होगा। इनमें दिल्ली की तीन और सिक्किम की एक सीट शामिल हैं। चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी। दरअसल, आप से राज्यसभा सांसद संजय सिंह, सुशील कुमार गुप्ता और नारायण दास गुप्ता का छह साल का कार्यकाल 27 जनवरी 2024 को समाप्त हो रहा है। भाषा

### महाराष्ट्र में कांग्रेस विधायक केदार बैंक घोटाले में दोषी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर में एक स्पेशल कोर्ट ने कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री सुनील केदार समेत चार लोगों को नागपुर डिस्ट्रिक सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के 150 करोड़ के घोटाले में दोषी ठहराया है। कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में तीन लोगों को बरी कर दिया। दोषियों के खिलाफ कोर्ट का फैसला आना अभी बाकी है। भाषा

### माओवादियों ने रेलवे ट्रैक उड़ाया, 13 ट्रेनें रद

**चाईबासा (झारखंड)।** प. सिंहभूम जिले में माओवादियों ने रेल पटरियों के एक हिस्से को विस्फोट से उड़ा दिया, जिससे हावड़ा-मुंबई मार्ग पर रेल सेवाएं बाधित हो गईं। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि घटना के कारण कम से कम 13 ट्रेनें रद कर दी गईं और एक का मार्ग बदल दिया गया है। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। भाषा

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 39 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 39.50 रुपये की कटौती की है। दिल्ली में अब 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 1796.50 से घटकर 1,757 रुपये हो गई है। हालांकि डोमेस्टिक सिलेंडरों की कीमतों में अब भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 903 रुपये ही है। एजेंसी

सेना की भर्ती में फर्जीवाड़ा

9 रिमांड पर 8 जेल भेज गए

# इलेक्ट्रोनिक डिवाइस से नकल करते अंबाला में 17 गिरफ्तार

मास्टरमाइंड को काबू करने के लिए की जा रही छापेमारी | एक उम्मीदवार की हरकत से पकड़ा गया पूरा रैकेट | 17 के खिलाफ केस दर्ज डिवाइस भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला में शुक्रवार को रही सेना में भर्ती के लिए परीक्षा में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। पुलिस ने परीक्षा देने आए 17 उम्मीदवारों को नकल करते हुए पकड़ा है। बताया जा रहा है कि परीक्षा के दौरान एक उम्मीदवार किसी से बात कर रहा था। जब अधिकारियों ने उसे पकड़ा तो 16 अन्य उम्मीदवार भी पकड़े गए। ये सब इलेक्ट्रोनिक डिवाइस के जरिए नकल कर रहे थे। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए सभी 17 उम्मीदवारों के खिलाफ केस दर्ज कर कर लिया है। पुलिस ने इनमें से 9 को रिमांड पर लिया है, जबकि मास्टरमाइंड की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इनके अलावा बाकी बचे 8 आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।



अंबाला। परीक्षा में नकल करते पकड़े गए सभी आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

### खड्गा स्टेडियम में हो रही थी परीक्षा

अंबाला छावनी के खड्गा स्टेडियम में शुक्रवार को सेना में भर्ती के लिए परीक्षा चल रही थी। परीक्षा के दौरान ही एक उम्मीदवार को किसी से बात करते हुए पकड़ा था। इसके बाद जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से इलेक्ट्रोनिक डिवाइस मिली। इसके बाद कई अन्य उम्मीदवारों के पास भी ऐसी ही डिवाइज मिली। सेना अधिकारियों ने दूसरे परीक्षार्थियों की भी तलाशी ली तो पूरे रैकेट का खुलासा हुआ। तब तलाशी के दौरान कुल 17 उम्मीदवार डिवाइस के साथ पकड़े गए।

### कई आरोपित फर्जी

पकड़े गए आरोपियों में कई फर्जी बताए जा रहे हैं। एसएचओ कैंट इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर ही है। मास्टरमाइंड को गिरफ्तार करने के लिए 6 आरोपियों को 4 दिन के और 3 आरोपियों को 3 दिन के रिमांड पर लिया है। बचे 8 उम्मीदवारों को जेल भेज दिया गया है। अब उस मास्टरमाइंड की तलाश की जा रही है जो इनके पेपर सॉल्व करवा रहा था। पुलिस ने सूबेदार अखिलेश्वर कुमार की शिकायत पर पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ साजिशन धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

### ये उम्मीदवार पकड़े

पुलिस ने रोल नंबर-11133 संदीप कुमार, रोल नंबर-4222 सचिन कुमार, रोल नंबर-4506 सोनू, रोल नंबर-4147 संदीप, रोल नंबर 4151 साहिल सिंह, रोल नंबर-4153 करण सिंह, रोल नंबर-4235 संग सिंह, रोल नंबर-4100 ऋषिकेश सिंह, रोल नंबर-4609 सागर, रोल नंबर-4056 अंकुश मोर, रोल नंबर-4084 अमन, रोल नंबर-4238 मनोज चौहान, रोल नंबर-6109 निखिल, रोल नंबर-413 अमित, रोल नंबर-4078 रोबिन, रोल नंबर-12335 अमन को स्मार्ट फोन/क्नेक्टिंग डिवाइस के साथ पकड़ा है।

### 2000 उम्मीदवार आए थे

खड्गा स्टेडियम में ग्रुप-डी के विभिन्न पदों के लिए हरियाणा, पंजाब, यूपी, राजस्थान समेत देशभर से 2 हजार उम्मीदवार परीक्षा देने के लिए आए थे। भारतीय सेना द्वारा कुक से लेकर फोरमैन सहित करीब 30 पदों पर परीक्षा आयोजित करा रही थी। उम्मीदवारों को सुबह साढ़े 6 बजे परीक्षा सेंटर में एंट्री दी गई लेकिन परीक्ष साढ़े 10 से दोपहर 12 बजकर 30 मिनट तक हुई। परीक्षा के दौरान कुछ कैंडिडेट किसी से बात करके पेपर सॉल्व कर रहे थे। तोपखाना बाजार चौकी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420 व 120-बी के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब पुलिस जांच कर रही है कि इस मामले के तार कहां-कहां जुड़े हुए हैं, कौन-कौन मास्टरमाइंड है, सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। जांच अधिकारियों का कहना है कि इस मामने में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

संसद की सुरक्षा में चूक

## नीलम को नहीं मिलेगी एफआईआर की कॉपी

हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाई ■ अगली सुनवाई 4 जनवरी तक लिए नोटिस जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद की सुरक्षा में चूक मामले में आरोपित जींद की नीलम के आवेदन पर निचली अदालत ने जांच अधिकारी (आईओ) को एफआईआर की एक कॉपी उसके वकील को सौंपने का निर्देश दिया था। अब दिल्ली हाईकोर्ट ने निचली अदालत के निर्देश पर रोक लगा दी यानी अब नीलम को एफआईआर की कॉपी नहीं मिलेगी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने निचली अदालत के 21 दिसंबर के आदेश को चुनौती देने वाली पुलिस की याचिका पर नीलम देवी को नोटिस जारी किया, जिसमें जांच एजेंसी को कानून के अनुसार आरोपित के वकील को एफआईआर की एक कॉपी सौंपने का निर्देश दिया गया था। वहीं, दूसरी तरफ, दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 5वें आरोपित ललित झा का पुलिस रिमांड 5 जनवरी तक बढ़ा दिया है। इससे पहले कोर्ट ने 4 अन्य आरोपितों सागर शर्मा, नीलम, मनोरंजन डी और अमोल शिंदे की पुलिस हिरासत 15 दिन के लिए बढ़ाई थी।

### 6 का साइकोलॉजिकल टेस्ट होगा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मामले में 6 आरोपियों का साइकोलॉजिकल टेस्ट होगा। इसमें आरोपियों का बर्ताव, आदतें और रूटीन की जांच होगी। ये टेस्ट सीबीआई की फोरेंसिक लैब और दिल्ली के रोहिणी स्थित फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) में किया जाएगा।

### टेस्ट क्वेशचन-आंसर फॉर्मेट में होगा

साइकोलॉजिकल टेस्ट प्रश्न-उत्तर फॉर्मेट में होगा। यह तीन घंटे चलेगा। इसमें ये जाना जाएगा कि संसद में घुसपैठ करने का इन सभी लोगों का मकसद क्या था। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया था कि उन्होंने मणिपुर हिंसा, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दे पर ध्यान खींचने के लिए संसद में घुसपैठ की थी। हालांकि, पुलिस का कहना है कि वह हर एंगल से जांच कर रही है।

## बजरंग ने पद्मश्री लौटाया, पीएम के घर के बाहर रखा पुरस्कार

पीएम को चिट्ठी, इस सम्मान के बोझ तले नहीं जी सकता | डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह का जताया विरोध | महिला पहलवानों के अपमान से गहरा आघात लगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहलवान बजरंग पूनिया ने पीएम नरेंद्र मोदी को सोशल मीडिया के जरिए चिट्ठी लिखकर शुक्रवार को पद्मश्री अवार्ड लौटाने का ऐलान किया है। पूनिया ने लिखा कि मैं अपना पद्मश्री पुरस्कार प्रधानमंत्री जी को वापस लौटा रहा हूं। कहने के लिए बस मेरा यह पत्र है। चिट्ठी में बजरंग ने भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) पर बृजभूषण के करीबी संजय सिंह की जीत का विरोध जताया है। बजरंग अवॉर्ड लौटाने पीएम आवास पर गए थे, लेकिन अंदर जाने की परमिशन नहीं मिली तो उन्होंने अवॉर्ड वहीं फुटपाथ पर रख दिया। बजरंग को 12 मार्च 2019 को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया था। बजरंग ने खुद को 'असम्मानित पहलवान' बताते हुए कहा कि महिला पहलवानों के अपमान के बाद वे ऐसी सम्मानित जिंदगी नहीं जी पाएंगे, इसलिए अपना सम्मान लौटा रहे हैं। अब वह इस सम्मान के बोझ तले नहीं जी सकते।



### चिट्ठी की अहम बातें

- बजरंग ने प्रधानमंत्री को लिखा-आपकी देश सेवा की इस भारी व्यस्तता के बीच आपका ध्यान कुश्ती पर दिलवाना चाहता हूं। आपको पता होगा कि इसी साल जनवरी में देश की महिला पहलवानों ने कुश्ती संघ पर काबिज बृजभूषण सिंह पर सेक्शुअल हैरेसमेंट के गंभीर आरोप लगाए थे।
- जब उन महिला पहलवानों ने आंदोलन शुरू किया तो मैं भी उसमें शामिल हो गया। आंदोलित पहलवान जनवरी में घर लौट गए, जब उन्हें सरकार ने ठोस कार्रवाई की बात कही।
- लेकिन 3 महीने बीत जाने के बाद भी जब बृजभूषण पर एफआईआर तक नहीं की, तब हम पहलवानों ने अप्रैल में दोबारा सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया। हमें कोर्ट में जाकर एफआईआर दर्ज करवानी पड़ी।
- जनवरी में शिकायतकर्ता पहलवानों की गिनती 19 थी, जो दबाव में आकर अप्रैल तक आते-आते 7 रह गई थी।

**यह पूनिया का निजी फैसला: खेल मंत्रालय:** खेल मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष पद के लिए संजय सिंह के चुनाव के विरोध में बजरंग पूनिया का पद्मश्री पुरस्कार लौटाने का फैसला व्यक्तिगत है, लेकिन फिर भी उन्हें इस कदम पर दोबारा विचार करने के लिए समझाने का प्रयास किया जाएगा।

## प्रदेश में 1 से 15 जनवरी तक बंद रहेंगे सभी स्कूल

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने स्कूलों में पहली से 15 जनवरी 2024 तक सर्दियों की छुट्टियों की घोषणा कर दी है। 16 जनवरी (मंगलवार) से स्कूल खोले जाएंगे। इसको लेकर शिक्षा विभाग की तरफ से प्रदेशभर में सभी जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी, स्कूल के प्रिंसिपल व हेड मास्टर को लेटर जारी किया है।

### सर्दी की छुट्टियों का ऐलान

हर साल सरकार की तरफ से सर्दियों में 15 दिन की छुट्टियों का ऐलान किया जाता है। इसी संदर्भ में पत्र जारी कर शीतकालीन अवकाश घोषित किए हैं। पत्र के अनुसार, सभी सरकारी व निजी स्कूलों में तय किए गए शेड्यूल के अनुसार ही छुट्टियां होंगी। सभी स्कूल 15 दिनों के लिए बंद रहने वाले हैं। हरियाणा में सर्दियों की शुरुआत हो चुकी है। सुबह-शाम ठंड अपना प्रकोप दिखाने लगी है। हरियाणा में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस से भी कम तक पहुंच गया है।

## जींद के स्कूल में यौन उत्पीड़न मामले में जांच कमेटी गठित

■ शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में चार सदस्य करेंगे जांच
■ कमेटी में विधायक गोयल, बतरा और ढांडा शामिल
■ प्रिंसिपल पर लगे हैं छात्राओं पर यौन उत्पीड़न के आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दौरान तीन दिनों तक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल पर लगे छात्राओं के यौन उत्पीड़न मामले को लेकर शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में जांच के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है। मामले में कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल पर भी आरोपित को संरक्षण देने के आऱोप डिप्टी सीएम ने सदन में लगाए थे। इसके बाद जांच सिटिंग जस्टिस से कराने का फैसला लिया गया हालांकि बाद में शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने का फैसला लिया गया। अब जांच कमेटी गठित कर दी गई है। इस कमेटी में विधायक असीम गोयल, विधायक भारत भूषण बत्तरा और विधायक अमरजीत ढांडा शामिल हैं। कमेटी विधानसभा के अगामी सत्र की पहली बैठक में रिपोर्ट पेशस करेगी।

**तैयारी** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 को, 100 विमानों से आएंगे वीआईपी

अयोध्या रेलवे स्टेशन का भी उद्घाटन करेंगे मोदी

## अयोध्या में एयरपोर्ट पर उतरा पहला विमान, 30 को पीएम करेंगे उद्घाटन

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इससे पहले 30 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी अयोध्या पहुंच रहे हैं। पीएम 2 घंटे अयोध्या में रहेंगे। वह यहां मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट और अयोध्या रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा 3 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।पीएम के इस दौरे के साथ प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन की तैयारियों को आखिरी रूप दिया जाने लगा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के सूत्रों के मुताबिक, प्राण प्रतिष्ठा देखने के लिए वीआईपी गेस्ट्स को लेकर करीब 100 प्लेन अयोध्या आएंगे। शुक्रवार को पहली बार अयोध्या के भगवान श्रीराम एयरपोर्ट पर एयरक्राफ्ट की लैंडिंग का ट्रायल किया गया। यहां 22,00 मीटर के रन-वे पर एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट की लैंडिंग हुई। सिविल एविएशन के अधिकारी इस एयरक्राफ्ट से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे।

### एयरपोर्ट के सामने संबोधन

30 दिसंबर को दिल्ली से अयोध्या के लिए पहली फ्लाइट 11.20 बजे पहुंचेगी। यह फ्लाइट दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 10 बजे उड़ान भरेगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इसकी तैयारियां की हैं। इस फ्लाइट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या करीब 12 बजे पहुंचेंगे। उनका विमान भी इसी एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। प्रधानमंत्री के संबोधन की तैयारी एयरपोर्ट के ठीक सामने की गई है। अनुमान है कि यहां करीब 2 लाख लोग मौजूद रहेंगे।



### 5 किमी लंबा फ्लाईओवर

अयोध्या में करीब 33 हजार करोड़ की लागत से 232 योजनाओं पर काम चल रहा है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट अयोध्या रेलवे स्टेशन से अयोध्या एयरपोर्ट को जोड़ने वाला 5 किलोमीटर लंबा फ्लाई ओवर है। दूसरे प्रोजेक्ट में अयोध्या के चारों तरफ करीब 15 किमी एरिया को डेवलप किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### पंचकूला में अनोखे अंदाज में मनेगा युवा दिवस

**चंडीगढ़।** पंचकूला में स्वामी विवेकानन्द जयंती उपलक्ष्य में 12 जनवरी को युवा दिवस अनोखे अंदाज में मनाया जाएगा। इस मौके पर होने वाला समारोह पंचकूला के 7 सरोकारों के साये में रहेगा। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने आयोजन की विस्तृत तैयारियों के लिए वीरवार को विधान सभा सचिवालय में पंचकूला के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की।

### 2024 की छुट्टियों का शेड्यूल जारी

**चंडीगढ़।** सरकार ने वर्ष 2024 के दौरान अपने कार्यालयों के सार्वजनिक अवकाशों की सूची अधिसूचित की है। सरकार ने लिखत परक्राम्य अधिनियम 1881 की धारा-25 के अन्तर्गत (हरियाणा में न्यायिक अदालतों को छोड़कर) राज्य में सार्वजनिक अवकाश के रूप में मनाए जाने वाले अवकाश भी अधिसूचित किए हैं। इसके अलावा, राज्य सरकार द्वारा पहली बार कुछ विशेष दिवस भी अधिसूचित किए गये हैं। हालांकि, इन्हें सार्वजनिक अवकाश के रूप में नामित नहीं किया जाएगा।

### ठेकेदारों से एरियर जल्द वसूला जाए : चौटाला

**चंडीगढ़।** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठेकेदारों पर लगाई गई पैनल्टीज का बकाया एरियर की जल्दी से जल्दी वसूली करें ताकि प्रदेश के राजस्व में बढ़ोतरी हो सके। डिप्टी सीएम , ने शुक्रवार को डिस्टिलरीज से लेकर गोदाम तक पहुंचाने के ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम , फ्लो - मीटर व अन्य मुद्दों पर चर्चा की

### पात्रों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**चंडीगढ़।** स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया है। अब लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसी दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं बल्कि अधिकतर योजनाएं व सेवाएं सरल हरियाणा पर ऑनलाइन उपलब्ध है। लोग अपने खुद के मोबाइल या कंप्यूटर अथवा किसी भी नजदीकी सेंटर पर जाकर आवेदन कर सकता है।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री मनोहर के बीच बैठक

# 2024 के चुनाव का रोडमैप तैयार मंत्रिमंडल विस्तार पर भी चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

कुरुक्षेत्र से चंडीगढ़ आने पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सीधे सीएम आवास संत कुबीर कुटीर में पहुंचे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उनका स्वागत किया। सूत्रों ने बताया कि शाह और मनोहर के बीच कैबिनेट विस्तार पर भी चर्चा हुई है। इसके साथ 2024 के चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही शाह ने सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का फीड बैक लिया। सीएम मनोहर लाल ने उन्हें सरकार के कामकाज का ब्योरा भी दिया। अंत्योदय परिवार को लेकर चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी शाह ने फीडबैक लिया। इसके साथ ही 28 दिसंबर को होने वाली एसवाईएल की बैठक को लेकर भी चर्चा हुई है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह शुक्रवार को गीता महोत्सव में हिस्सा लेने कुरुक्षेत्र पहुंचे थे। वहां से वह हेलिकॉटर से चंडीगढ़ सेक्टर तीन पहुंचे। उनके साथ सीएम मनोहर लाल भी थे। इस दौरान भी दोनों के बीच संगठनात्मक विषयों को लेकर बातचीत हुई। बातचीत के दौरान लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी चर्चा हुई है। हरियाणा में अगले साल लोकसभा के बाद विधानसभा के चुनाव के होने हैं। दोनों चुनावों की तैयारियों में भाजपा जुटी हुई है। सीएम मनोहर ने शाह को प्रदेश के राजनीतिक हालात और मुद्दों से अवगत कराया। केंद्र और राज्य की योजनाओं के लाभार्थियों के बारे में भी उन्होंने अवगत कराया। इस मुलाकात के बाद माना जा रहा है कि जल्द ही संगठन के नए पदाधिकारियों की सूची जारी हो जाएगी। इसके साथ ही कैबिनेट विस्तार भी हो सकता है। इस मौके पर यूटी प्रशासक और पंजाब केगवर्नर बनवारी लाल पुरोहित भी उपस्थित रहे।

■ केंद्रीय मंत्री ने योजनाओं का फीडबैक लिया

■ बैठक में संगठन के मुद्दे पर भी चर्चा



**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### 24 को भिवानी के दौरे पर रहेंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 दिसंबर (रविवार) को भिवानी जिला को 95 करोड़ रुपए से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। वे इस दौरान 5 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारू के भवन का उद्घाटन करेंगे तथा करोड़ों रुपए की लागत की विभिन्न विभागों की 16 अन्य परियोजनाओं का नींव पत्थर रखेंगे। मुख्यमंत्री 33 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से रेवाड़ी-सादुलपुर-बीकानेर रेलवे लाइन पर चार रेलवे अंडर ब्रिज- गांव सोंहासडा, गोठड़ा, झांझड़ा टोडा/श्योराण तथा बराहलू के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। वह अन्य विकास कार्यों का भी शुभारंभ करेंगे।

### केंद्रीय गृहमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधा

**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बहाने बनाकर तीन आपराधिक कानून विधेयकों पर संसद में चर्चा का बहिष्कार करने और उपराष्ट्रपति की नकल उतारने के मामले को लेकर शुक्रवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधा। वह यहां विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरुआत के दौरान एक सभा को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने आपराधिक कानून विधेयकों का जिक्र करते हुए कहा कि मैं चाहता था कि विपक्ष इनपर अपने विचार व्यक्त करे। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष ने बहाने बनाकर इन विधेयकों पर चर्चा के बहिष्कार का दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय लिया... जब आपराधिक न्याय प्रणाली में बदलाव लाने के लिए (संसद में) चर्चा चल रही थी, तब विपक्षी दलों के सदस्य उपराष्ट्रपति की नकल उतार रहे थे।

## आईसीजेएस-सीसीटीएनएस परियोजना में प्रगति डैशबोर्ड पर हरियाणा पुलिस प्रथम

**चंडीगढ़।** सीसीटीएनएस और आईसीजेएस परियोजनाओं के कार्यान्वयन को मान्यता देने के लिए नई दिल्ली में गृह मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा सीसीटीएनएस/अंतर-संचालित आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) में अच्छी प्रथाओं पर आयोजित 5वे वार्षिक सम्मेलन में हरियाणा पुलिस को गुड प्रैक्टिस के कार्यान्वन पर देश भर में सभी प्रमुख राज्य पुलिस के बीच प्रथम रैंक से सम्मानित किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा पुलिस पिछले दो वर्षों में तक़रीबन 20 बार प्रथम स्थान पर रही है। हाल ही में जारी की गई अक्टूबर 2023 माह में जारी की गई प्रगति डैशबोर्ड में भी हरियाणा पुलिस ने सभी मापदंडों में पूर्ण अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### रेवाड़ी में विशेष मरम्मत कार्य को मंजूरी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने रेवाडी में स्थित भगवती आश्रम पहुंच-मार्ग पर विशेष मरम्मत कार्य से संबंधित एन्हांसमेंट मामले को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में एक बैठक के दौरान किया गया, जहां पीडब्ल्यूडीके प्रस्ताव की समीक्षा की गई और इसे हरी झंडी दी गई। परियोजना में सड़क को अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल और लचीला बनाने के लिए महत्वपूर्ण उन्नयन और संवर्द्धन शामिल है। परियोजना का एक प्रमुख पहलू बरम्स के किनारे इंटरलॉक पेवर ब्लॉक्स (आईपीबी) का चौड़ीकरण है। विभाग द्वारा हाल ही में पुनः प्राप्त की गई भूमि पर अवैध अतिक्रमणों को प्रभावी ढंग से रोकना है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **महाबीर मित्तल पुत्र स्व. श्री रामेशवर दास मित्तल पताः 1810/32 सी/ओ एस.एस सहरावत एडवोकेट कमला नगर, रोहतक हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 205/15 धारा 498ए/406 भा.द.स. के तहत** थानाः साउथ रोहिणी, नई दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **महाबीर मित्तल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **महाबीर मित्तल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 205/15 धारा 498ए/406 भा.द.स. के तहत थाना साउथ रोहिणी, नई दिल्ली के उक्त महाबीर मित्तल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**प्रीति राजोरिया**
**महानगर दण्डाधिकारी**
**महिला कोर्ट–02**
**कमरा नं.18, दूसरी तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/14707/RD/2023


## प्रदेश के युवा नशे के गिरफ्त में आ रहे : डॉ. गुप्ता

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी प्रदेशस्तरीय बदलाव यात्रा के आठवें दिन आप नेताओं ने हरियाणा में बढ़ते नशे के मुद्दे पर सरकार को घेरा। आठवें दिन प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता सोनीपत में रहे। प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर हांसी, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा जींद के सफीदों और प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा कुरुक्षेत्र के थानेसर में रहीं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में लगातार नशा बढ़ रहा है, जिसको रोकने में हरियाणा सरकार नाकाम रही हैं। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि हरियाणा के युवा आज नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं। चिट्टे का नशा, इंजेक्शन का नशा, जहरीली शराब का नशा दिनों दिन प्रदेश में बढ़ रहा है। हरियाणा के हर गांव में एकांत जगह पर खाली सिरिंज देखने को मिलेंगे। इसका मुख्य कारण प्रदेश में बेरोजगारी, किसानों का कर्ज के बोझ के नीचे दबना है। बढ़ते भ्रष्टाचार के कारण युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही और वे नशे की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जिस स्तर पर नशे का कारोबार पनप रहा है, वह बिना किसी राजनीतिक संरक्षण के बिना मुमकिन नहीं है। सरकार चाहे तो तुरंत नशा खत्म हो सकता है।



## बिप्लब देब से मिले नायब सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी शुक्रवार को भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब से उनके आवास पर मिलने पहुंचे। दोनों नेताओं ने लगभग एक घंटे तक संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। देब और सैनी के बीच प्रदेश में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के विषय पर भी बातचीत हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश प्रभारी को विकसित भारत संकल्प यात्रा के विषय में विस्तार से जानकारी दी। सैनी ने बताया कि किस तरह यात्रा गांव-गांव, शहर-शहर पहुंचकर मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक कर रही है और योजनाओं का लाभ दिला रही है। प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब ने भी हरियाणा प्रदेश में यात्रा की सफलता पर प्रसन्नता जताई। प्रदेश प्रभारी से मिलने से पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी सुबह लगभग 10 बजे गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पहुंचकर राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय से मिले और कई मुद्दों पर विचार साझा किए।

■ दोनों नेताओं में पार्टी संगठन को लेकर चर्चा




**कार्यालय नगरपालिका चीका।**

1-आमजन से अपील की जाती है कि नगरपालिका चीका का सफाई कार्य में सहयोग करें।

2-नगरपालिका कार्यालय में अपनी प्रोपर्टी से सम्बन्धित सभी बकाया नियमानुसार कार्यालय में/आनलाईन जमा करवाएं ताकि सरकार द्वारा दी गई सुविधाएं / प्रोपर्टी कर में छुट का आप लाभ उठा सके। अपनी प्रोपर्टी को सैल्फ सर्टीफाईड करें ताकि गृहकर / प्रोपर्टी कर में छूट का आपको लाभ मिल सके।

3- नगरपालिका क्षेत्र में बने हुए पार्कों की देखरेख / मैनटैन्श में नगरपालिका अधिकारियों/कर्मचारियों का सहयोग करें।

4-स्वच्छ सर्वेक्षण में नगरपालिका कर्मचारियों का सहयोग करें।

5-सभी दुकानदारों/आमजन से अपील की जाती है कि पोलीथीन का प्रयोग न करें।

6- पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

7- सभी आमजन / शहरवासियों से अनुरोध है कि अपना कचरा नगरपालिका की कचरा गाड़ी में ही डालें। शहर में कचरा निश्चित स्थान पर रखें। ताकि चीका शहर को साफ व स्वच्छ बनाया जा सके।

**हस्ता/-सचिव**
**नगरपालिका चीका।**


## दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन ने की मांग नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा जल्द करवाई जाए



**रोहतक।** मांगों को लेकर बैठक करके एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**रोहतक।** दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन ने बैठक करके उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नाम ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा जल्द से जल्द करवाई जाएं। इसे लेकर एसोसिएशन कई बार लिखित रूप में मांग भी कर चुकी है।

एसोसिएशन के प्रधान जयबीर चहल ने बताया कि यह परीक्षा वर्ष में दो बार करवाने का कानूनन प्रावधान है। उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि परीक्षा तो वर्ष में तीन बार करवाएंगे। लेकिन उक्त परीक्षा वर्ष 2021 के बाद एक बार भी नहीं हुई। राज्यभर के पटवारी और कानूनगो में इसे लेकर रोष है। जयबीर चहल ने बताया कि इसका बड़ा नुकसान ये है कि सक्षम कर्मचारी बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त होता है तो उसको भारी खामियाजा भुगतना पड़ता है। उन्होंने बताया कि पटवारियों के बढ़ाए गए वेतनमान को 1 जनवरी 2016 से 25 जनवरी 2023 तक नेशनली और 25 जनवरी 2023 से एक्चुअली सुनिश्चित करवाई जाए। इसके लिए एफसीआर कार्यालय ने एफडी को पुनः आवेदन भी भेजा है जिसमें फाइनेंशियल इंप्लीशेशन्स सालाना जो कि 9.24 करोड़ रुपये बनते हैं, जो कि सरकार के लिए कोई भारी राशि नहीं है। इस प्रकार की वेतन बढ़ोतरी से पटवारियों को कोई लाभ नहीं हो रहा। प्रधान जयबीर चहल ने बताया कि हमारी मांग है कि कर्मचारियों को किसी स्वतंत्र एजेंसी या विभाग के चक्कर में न पीसकर जल्द से जल्द परीक्षा करवाएं।

### हाईकोर्ट को सारंगपुर में मिलेगी 18 एकड़ भूमि

**चंडीगढ़।** यूटी प्रशासन पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट को गांव सारंगपुर में 18 एकड़ जमीन गांव सारंगपुर में देने के लिए तैयार हो गया है।इस मामले में हाई कोर्ट ने गंभीर टिप्पणी की थी। बताया जा रहा है कि छह-छह एकड़ के तीन प्लाट देने का प्रस्ताव है।यहां पर दस्तावेजों और प्रशासनिक स्टाफ के लिए व्यवस्था करने का प्रस्ताव है, इसी क्रम में यहां पर निर्माण का कामकाज भी शुरु हो जाएगा। हाईकोर्ट में लगातार कामकाज का बोझ बड़ने और जगह और बिल्डिंग में जगह की किल्लत चल रही है। रिकार्ड भी रखने के लिए परेशानी चल रही है। सारंगपुर में भवन तैयार होने के साथ ही रिकार्ड को वहां पर शिफ्ट करने की योजना है। पूरे मामले में हाई कोर्ट कीओर से चंडीगढ़ गृह सचिव को तलब कर लिया था, पहले अदालत की तरफ से चंडीगढ़ सचिवालय की पुरानी बिल्डिंग या सेक्टर 17 के पुराने कोर्ट परिसर में जगह की मांग की थी, इस पर प्रशासन की ओर से साफ इनकार कर दिया गया था। हाईकोर्ट कर्मचारी संघ के सचिव विनोद और अन्य ने मामले में याचिका लगाई थी।

### बिजली बिलों के नाम पर सरकार ने प्रदेश में मचाई लूट : कु. सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने बिजली बिलों के नाम पर पूरे प्रदेश में लूट मचाई हुई है। किसी जिले में स्मार्ट मीटर सिक्योरिटी चार्ज तो कहीं पर एडवांस सिक्योरिटी चार्ज के नाम पर मोटी राशि बिजली बिलों में जोड़कर भेजी जा रही है। इसे हर हाल में जमा करवाना बिजली उपभोक्ताओं की मजबूरी बन गई है। बिना किसी पूर्व सूचना या लिखित आदेश के अपनी जेब पर डाका डाले से जनता हैरान व परेशान है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद गोहाना | एम.सी. गोहाना में सेक्टर-7 में विभिन्न पार्कों और अन्य पार्कों में गजिबो की स्थापना। | 20.12.2023 02.01.2024 | लागू नहीं | https://etenders.hry.nic.in | 1263252013 eo-gohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23635/I/88/6 दि. 22.12.23

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका अटेली मण्डी | अटेली मण्डी में दैनिक आधार पर प्रोसैसिंग साइट पर घर-घर से कचरे का रखरखाव और प्रचालन हेतु आरएफपी। | 14.12.2023 05.01.2024 | 20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467241646 atelimc@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23632/I/88/6 दि. 22.12.23

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन फतेहाबाद में चारदिवारी का निर्माण। | 21.12.2023 02.01.2024 | 84.45 लाख | www.hvpn.org.in | 1722583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2022-23 में 220 केवी सबस्टेशन फतेहाबाद का 3×100 एमवीए, 220/132 केवी प्लस IX 20/25 एमवीए, 132/33 केवी प्लस 1 × 10/16 एमवीए, 132/11 केवी टी/एफ से (2×100 एमवीए, प्लस IX 160) एमवीए 220/132 केवी प्लस IX 40/50 एमवीए, 132/33 केवी प्लस IX 10/16 एमवीए, 132/11 केवी टी/एफ का विस्तार। (टी/एफ प्लिंथ का मजबूतीकरण 100 एमवीए से 160 एमवीए)। | 21.12.2023 02.01.2024 | 17.29 लाख | www.hvpn.org.in | 1722583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23658/I/88/6 दि. 22.12.23



**हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड, हिसार**

**अनाजों की नीलामी सूचना**

सर्व साधारण जनता एंव ठेकेदारों को सूचित किया जाता हैं कि राजकीय पशुधन फार्म, हिसार के विभिन्न स्टोरो में भण्डारित निम्न अनाजों की नीलामी दिनांक 29.12.2023 को प्रातः 11:00 बजे दी हिसार को-ऑप्रेटिव मार्केटिंग सोसायटी, दुकान नं. 187, नई अनाज मण्डी, हिसार के माध्यम से की जायेगी। अतः इच्छुक बोलीदाता दिनांक 29.12.2023 को प्रातः 11:00 बजे नीलामी में उपरोक्त सोसायटी के माध्यम से भाग ले सकते है।

| क्रम | अनाज | प्रस्तावित वजन (क्विंटल) |
|---|---|---|
| 1. | Sarson Raya | 1191.31 |
| 2. | China Sarson | 14.75 |
| 3. | Oats | 467.95 |
| 4. | Barley | - |
| 5. | Barley BH 393 | - |
| 6. | Oats Kent under size | 81.93 |
| 7. | Oats HJ-8 Process | 27.50 |
| 8. | Sarson China Cabbage Process | 5.70 |
| 9. | Sarson China Cabbage Under Size | 5.26 |
| 10. | Gwar | 328.65 |
| 11. | Barseem | 0.80 |

हस्ता/-
आदान एवं संवितरण अधिकारी,
हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड हिसार।


## कैदियों को फरलो व पैरोल के लिए एप की संभावनाएं तलाशें : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** हाईकोर्ट ने पंजाब, हरियाणा और यूटी चंडीगढ़ को एक डिजिटल एप की संभावना तलाशने को कहा है, जहां सभी जेल कैदियों द्वारा फरलो/पैरोल देने के लिए किए गए आवेदन पंजीकृत किए जा सके और उस आवेदन पर फरलो/पैरोल देने की प्रक्रिया भी अपलोड की जानी चाहिए। हाई कोट ने कहा कि इसके अलावा डिजिटल ऐप में एफआईआर के साथ-साथ पेश किए गए चालान का विवरण भी हो ताकि अदालतों में जरूरत के समय चालान की प्रतियां ली जा सकें। कोर्ट ने कहा कि जेल में अधिकांश कैदी समाज के कमजोर वर्गों से हैं और यह ऐप उन्हें पैरोल, जमानत आदि के लिए अपने कानूनी मामलों को आगे बढ़ाने में मदद कर सकता है। हाई कोर्ट की कार्यवाहक चीफ जस्टिस रितु बाहरी और जस्टिस निधि गुप्ता की खंडपीठ ने राम रहीम की पेरोल के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किए हैं। पीठ ने वकील तनु बेदी को एमिकस क्यूरी भी नियुक्त किया है




**MUNICIPAL COMMITTEE UCHANA (JIND)**

**PUBLIC NOTICE/TENDER NOTICE**

| Sr. NO. | NAME OF DEPARTMENT/ BOARD/ CORP./AUTH | NAME OF WORK/ NOTICE/TENDER | Bid Submission Start Date & Bid Submission End Date & Bid Opening Date | Estimated Cost | WEBSITE OF THE DEPARTMENT | NODAL OFFICER/ CONTACT DETAILS/EMAIL | TENDER REF. NO/ TENDER NO. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from House of Anil to House of Kuldeep in Ward No.4 in MC Uchana | 18-Dec-2023 09:00 AM & 26-Dec-2023 05:00 PM & 27-Dec-2023 10:00 AM | 7,13,279.00 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2023_HRY_366948_1 |
| 2 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from House of Kriishan to House of Hawa in Ward No.4 in MC Uchana | 18-Dec-2023 09:00 AM & 26-Dec-2023 05:00 PM & 27-Dec-2023 10:00 AM | 6,14,212.00 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2023_HRY_336951_1 |

Secretary
Municipal Committee Uchana



**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.12.2023 को जिला कारागार, रोहतक के बंदियों द्वारा बचाई गई रोटियों, सब्जी तथा दाल को उठाने के लिए ठेके पर देने हेतु ई आक्शन के माध्यम से बोली करवाई जाएगी जिसके लिए आप अपना आवेदन eauction.gov.in पर जाकर कर सकते हैं। टैंडर के संबंध में कोई भी बोलीदाता ई आक्शन पर जाकर उपरोक्त टैण्डर को एक वर्ष के लिए ले सकते हैं।

टैंडर की शर्तें निम्नलिखित हैं।

1. स्वीकृत ठेकेदार को बची हुई रोटियों व दाल सब्जी सप्ताह में दो बार जरूर उठानी होंगी।
2. स्वीकृत ठेकेदार की अवधि एक वर्ष के लिए होगी।
3. यदि स्वीकृत ठेकेदार उपरोक्त शर्तों को तोड़ता है तो इसकी धरोहर राशि जब्त करके ठेके को समाप्त कर दिया जाएगा।
4. इस कार्य में उत्पन्न किसी भी प्रकार के झगड़े या व्यवधान का निपटारा स्थानीय न्यायालय में होगा।
5. ठेकेदार जेल के अन्दर किसी भी बन्दी से किसी प्रकार का लेनदेन या व्यवहार नहीं करेगा और ना ही किसी प्रकार का ऐसा कार्य करेगा जो जेल नियमों के विरूद्ध हो। ऐसा करने पर उसे नियमों के अनुसार दण्डित किया जा सकता है।
6. रोटी व दाल सब्जी उठाने के लिए स्वीकृत ठेकेदार को अपने वाहन का प्रयोग करना पड़ेगा।

पीआरडीएच- 1277/11/63/2024/23675/88/6 दि. 22.12.23

# 9 साल बेमिसाल

पिछले 9 वर्षों में देश महिलाओं के नेतृत्व में विकास की परिकल्पना के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं को सुविधा, सुरक्षा व सम्मान प्रदान किया है। केंद्र सरकार ने कई ऐसी पहल की हैं, जो शिक्षा तक पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवा और लैंगिक संवेदनशीलता में सुधार लाने समेत बालिकाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित हैं। करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों का जीवन अब आसान हो गया है और वे देश की प्रगति में अपना भरपूर योगदान दे रही हैं। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी की अगुवाई में हरियाणा सरकार ने भी महिला सशक्तिकरण में कोई कसर नहीं छोड़ी है। समाज में लड़का-लड़की के भेदभाव को समाप्त करने, लिंगानुपात में सुधार लाने, स्कूलों में बालिकाओं के नामांकन व लड़कियों द्वारा पढ़ाई बीच में छोड़ने के चलन को खत्म करने तथा लड़कियों को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से बेटियों के लालन-पालन, शिक्षा व करियर के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई गई हैं। 'आपकी बेटी-हमारी बेटी' योजना इसी कड़ी में शुरू की गई है।




# हरियाणा में महिला सशक्तिकरण पर जोर



> बीते 9 वर्षों में हमने माताओं-बहनों से जुड़ी हर बंदिशों को तोड़ने का प्रयास किया है। हमारी सरकार ने एक के बाद एक ऐसी योजनाएं बनाई हैं, ऐसे कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिससे हमारी बहनों को सम्मान, सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि का जीवन मिले।
>
> -नरेन्द्र मोदी

## किशोरी बालिकाओं को पुरस्कार योजना

- ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए 'किशोरी बालिकाओं को पुरस्कार योजना' के तहत दी जाने वाली पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की गई है। फरवरी, 2019 से शहरी बालिकाओं को भी इस योजना के अन्तर्गत कवर किया जा रहा है।
- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली तीन छात्राओं को क्रमशः 8,000, 6,000 तथा 4,000 रुपये की राशि दी जाती है।

## सर्वश्रेष्ठ माता पुरस्कार योजना

- बारहवीं परीक्षा में खंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को क्रमशः 12,000, 10,000 और 8,000 रुपये की राशि दी जाती है।
- 'सर्वश्रेष्ठ माता पुरस्कार योजना' के अन्तर्गत सर्कल स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार राशि क्रमशः 500, 300 व 200 रुपये से बढ़ाकर 2000, 1200 व 800 रुपये की गई है। ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार राशि क्रमशः 1000, 750 व 500 रुपये से बढ़ाकर 4,000, 3,000 व 2000 रुपये की गई है।

## महिलाओं के कल्याण व उत्थान हेतु योजनाएं

- प्रदेश में गिरते लिंगानुपात को सुधारने तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 22 जनवरी, 2015 को पानीपत से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम शुरू किया गया। इसके परिणामस्वरूप जन्म के समय लिंगानुपात वर्ष 2014 में 871 की तुलना में अक्तूबर, 2023 में बढ़कर 932 हो गया।
- 'आपकी बेटी, हमारी बेटी योजना' के अन्तर्गत अनुसूचित जाति तथा अन्य गरीब परिवारों में पहली बेटी के जन्म पर तथा सभी परिवारों में दूसरी और तीसरी बेटी के जन्म पर 21,000 रुपये की राशि बच्ची के नाम भारतीय जीवन बीमा निगम में एकमुश्त जमा करवाई जाती है। इसमें 18 वर्ष की आयु/ अविवाहित होने पर लड़की को लगभग एक लाख रुपये की राशि मिलेगी। इसके तहत अब तक 4.60 लाख लाभपात्रों को कवर किया जा चुका है।
- महिलाओं के कल्याण और उत्थान के लिए 8 मार्च, 2015 को 'हरियाणा कन्या कोष' स्थापित किया गया।
- हिंसा से पीड़ित महिलाओं को चरणबद्ध तरीके से एक छत के नीचे चिकित्सा सुविधा, पुलिस सहायता, कानूनी सहायता, मानसिक एवं सामाजिक काउंसलिंग, अस्थाई आवासीय सहायता जैसी सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सभी जिलों में वन स्टॉप सेंटर 'सखी' की स्थापना की गई है।
- महिलाओं का मान-सम्मान बढ़ाने के उद्देश्य से महिला दिवस के अवसर पर श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार, बहन शन्नो देवी पुरस्कार, लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, विशिष्ट उपलब्धियों पर खेल पुरस्कार, सरकारी कर्मचारी व सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार आदि दिये जाते हैं।

## महिलाओं के लिए केंद्र द्वारा पोषित कल्याणकारी योजनाएं

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना :** महिलाओं के लिए केन्द्र सरकार ने मई, 2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया से इस योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर गृहणियों को रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जाते हैं। अब तक देश के 8.3 करोड़ परिवारों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। हरियाणा में इस योजना के तहत 9 लाख 56 हजार कनेक्शन जारी किए गए।

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना :** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना की शुरुआत 22 जनवरी, 2015 को हरियाणा के पानीपत में की थी। इस योजना का उद्देश्य बालिका लिंग अनुपात में गिरावट रोकना एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत हरियाणा में लिंगानुपात सुधर कर 932 हो गया है।

**सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना :** इस योजना के तहत 100 फीसदी तक अस्पतालों या प्रशिक्षित नर्सों की निगरानी में महिलाओं के प्रसव को किया जाता है, ताकि प्रसव के दौरान मां और उसके बच्चे के स्वास्थ्य की उचित देखभाल की जा सके। सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना की शुरुआत अक्तूबर, 2019 को गई थी। इस योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के जीवन की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है।

**फ्री सिलाई मशीन योजना :** केंद्र सरकार की ओर से फ्री सिलाई मशीन योजना चलाई गई है। इस योजना का लाभ देश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं उठा सकती हैं। भारत सरकार की तरफ से हर राज्य में 50,000 से अधिक महिलाओं को नि:शुल्क सिलाई मशीन प्रदान की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत केवल 20 से 40 वर्ष तक की आयु की महिलाएं आवेदन कर सकती हैं।

**महिला शक्ति केन्द्र योजना :** यह योजना महिलाओं के संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए तैयार की गई है। इस योजना के तहत गांव की महिलाओं को सामाजिक भागीदारी के माध्यम से सशक्त बनाने और उनकी क्षमता का अनुभव कराने का काम किया जाता है। यह योजना राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर कार्य करती है।

**सुकन्या समृद्धि योजना :** यह योजना 10 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों/बच्चियों की उच्च शिक्षा और विवाह के लिए है यानी लड़कियों के सुरक्षित भविष्य के लिए यह बचत योजना है। किसी भी बैंक और पोस्ट ऑफिस में जाकर आप अपनी 10 वर्ष से कम उम्र की बेटी के लिए अकांउट खुलवा सकते हैं। योजना पूरी हो जाने के बाद सारा पैसा उसे मिलेगा, जिसके नाम पर आपने इस अकांउट को खुलवाया होगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नारी शक्ति को भारत की विकास यात्रा में अग्रणी स्थान दिया है। इस दृष्टिकोण का प्रभाव परिणामों में स्पष्ट रूप से नजर आता है। उज्ज्वला, शौचालय, हर-घर नल से जल जैसी योजनाओं से महिलाओं के जीवन को जहां सरल बनाया जा रहा है, वहीं उनकी सुरक्षा पर भी पूरा ध्यान दिया गया है। हरियाणा सरकार ने दुर्गा शक्ति एप, महिला हेल्पलाइन-1091, पुलिस स्टेशनों पर महिला हेल्प डेस्क स्थापित किए हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा पुलिस में महिलाओं की संख्या 15 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (01.01.2017) के अन्तर्गत गर्भवती व दूध पिलाने वाली माताओं को प्रथम जीवित बच्चे पर 5000 रुपये की राशि दी जाती है। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा इस योजना के दिशा-निर्देशों को संशोधित करते हुये गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को दूसरे जीवित बच्चे (लड़की) के जन्म पर एकमुश्त 6000 रुपये का लाभ दिया जायेगा। योजना के तहत दिनांक 01.01.2017 से अब तक 345.72 करोड़ रुपये की राशि व्यय कर 7,60, 471 लाख लाभपात्रों को कवर किया गया।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के कार्यान्वयन के लिए एक करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले राज्य की श्रेणी के अंतर्गत अनुकरणीय प्रदर्शन करने पर वर्ष 2019-20 के लिए हरियाणा को केन्द्र सरकार द्वारा तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

## मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना

मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना के तहत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को दूसरे जीवित बच्चे (लड़का) के जन्म पर एकमुश्त 5000 रुपये का लाभ दिया जायेगा।

- ग्रामीण महिलाओं के हित में ऐतिहासिक फैसला लेते हुए, सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं में उन्हें 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया है।
- मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत मिलने वाला लाभ घर बैठे सीधा उनके खाते में पहुंच रहा है।




*मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी का कहना है कि हमें सिर्फ बेटियों को बचाना ही नहीं है, बल्कि उन्हें पढ़ाना भी है और अपने पैरों पर खड़ा करना भी है। इसके लिए उनका शिक्षित होना बेहद जरूरी है। इसलिए सरकार ने बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी कई प्रयास किये हैं। घर के नजदीक ही उच्चतर शिक्षा प्रदान करने के लिए कॉलेज खोले गये हैं। छात्राओं को घरों से शिक्षण संस्थानों तक आने-जाने के लिए 150 किलोमीटर की दूरी तक रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही है। छात्रा परिवहन सुरक्षा योजना के तहत विशेष महिला बसें चलाई गई हैं।*

## खबर संक्षेप

### रेवाड़ीः साइबर ठगों ने मर्चेंट टास्क से ठगे 11.58 लाख

**रेवाड़ी।** साइबर फ्रॉड करने वाले लोगों ने मर्चेंट टास्क से पैसे कमाने का लालच देकर रामगढ़ के एक व्यक्ति को लगभग 11.58 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर फ्रॉड के लिए शुरू किए गए 1930 नंबर पर दर्ज कराई शिकायत के आधार पर साउथ रेंज साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की है। रामगढ़ निवासी भगतसिंह ने बताया कि उसके पास टेलीग्राफ पर एक पल्पकी कंपनी का मैसेज आया था। उसमें मर्चेंट टास्क करने के बदले पैसे देने की बात कही थी।

### एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 15,800 रुपये

**यमुनानगर।** शहर की शिवपुरी बी कॉलोनी निवासी जसबीर सिंह का एटीएम कार्ड बदलकर अज्ञात युवक ने उसके अकाउंट से 15 हजार 800 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जसबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका एसबीआई बैंक में अकाउंट है। उसने बैंक से एटीएम कार्ड लिया हुआ है। 15 दिसंबर को उसे पैसों की जरूरत थी। इसलिए वह आईटीआई के नजदीक स्थित एसबीआई के एटीएम से पैसे निकालने के लिए गया।

### बातों में उलझा कर ठगी सोने की बालियां

**यमुनानगर।** शहर की शिव नगर कॉलोनी निवासी मुन्नी को दो लोगों ने बातों में उलझा कर उससे सोने की बालियां ठग ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मुन्नी ने गांधी नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वीरवार को दवाई लेने के लिए डॉक्टर नरेश के पास गई थी। दवाई लेने के बाद उसने सड़क पार की। मगर काफी देर इंतजार करने के बाद वह वापस नहीं लौटे।

### कलेक्शन एजेंट से 70 हजार रुपये लूटे

**बहादुरगढ़।** इलाके में दिन दहाड़े एक कलेक्शन एजेंट के साथ लूटपाट हो गई। बाइक सवार तीन बदमाशों ने उससे 77 हजार रुपये लूट लिए और धमकी देकर फरार हो गए। इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। आसौदा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

वारदात गांव दहकोरा में हुई है। दरअसल, उत्तराखंड मूल का निवासी चंदन यहां झज्जर के सुभाष नगर में रहता है। महिलाओं को गुरप लोन देने वाली एक कंपनी में काम करता है। किश्त कलेक्ट कर लोहारहेड़ी से दहकोरा की ओर जा रहा था। जब गांव दहकोरा में सुनसान रास्ते पर पहुंचा तो बाइक सवार तीन युवकों ने इसका रास्ता रोक लिया मारपीट शुरू कर दी।

## प्रदेश में लगातार बढ़ रही ठिठुरन, शिमला से भी ठंडा रहा हिसार

# हिसार के बालसमंद में तापमान 3 डिग्री यमुनानगर में धुंध व शीतलहर का कहर

- राज्य में आज आंशिक बादलवाई रहने तथा कुछ एक स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी के आसार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार/नारनौल**

देश के पर्वतीय इलाकों में हो रही बर्फबारी के चलते हरियाणा प्रदेश में शील लहर जारी है। दिनभर चलने वाले शीत लहरों ने लोगों की कंपकंपी छुड़वाई हुई है। हिसार जिले का गांव बालसमंद लगातार दूसरे दिन भी प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। मामूली गिरावट के साथ बालसमंद का रात्रि पारा 3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं, यमुनानगर में धुंध व शीतलहर के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। बृहस्पतिवार को बालसमंद का न्यूनतम पारा 3.1 डिग्री रहा था। इसके अलावा महेंद्रगढ़ 3.4, फतेहाबाद 3.5, हिसार का न्यूनतम पारा 3.8, रेवाड़ी 4.1 यमुनानगर 4.7, पानीपत 4.8, करनाल का 5.1, अंबाला का 5.9, नारनौल में 4.8, रोहतक का 6.6, भिवानी का 7.0, सिरसा का 7.0, गुरुग्राम का 7.5, झज्जर का 5.8, सोनीपत 5.9, कुरुक्षेत्र 6.5 तथा पंचकूला 6.1 डिग्री दर्ज किया गया। शुक्रवार को हरियाणा के पश्चिमी जिलों विशेषकर सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, महेंद्रगढ़ के रात्रि तापमान हिमाचल प्रदेश के शिमला, धर्मशाला, डलहौजी से भी कम दर्ज किया गया। बता दें कि लगातार सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में रात्रि तापमान में जबरदस्त गिरावट दर्ज हो रही है।



**यमुनानगर।** शुक्रवार को घना कोहरा पड़ने से सड़कों पर लाइटें जलाकर अपने गंतव्य पर जाते हुए वाहन। फोटो : हरिभूमि

### और बढ़ेगी ठंड

कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से लगातार उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी हो रही है। जिससे प्रदेश के सभी 22 जिलों में रात्रि तापमान एकल संख्या में पहुंचे हुए हैं। जबकि 11 जिलों में रात्रि तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया जा रहा है। शुक्रवार को जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान लुढ़क कर क्रमशः 4.8 डिग्री सेल्सियस व 3.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो इस सर्दी के सीजन का सबसे कम रात्रि तापमान दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि हरियाणा एनसीआर दिल्ली का सबसे कम रात्रि तापमान बालसमंद का 3.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि हरियाणा एनसीआर दिल्ली के 11 जिलों का रात्रि तापमान हिमाचल प्रदेश के शिमला, डलहौजी, धर्मशाला के रात्रि तापमान से कम रहा। वहीं राजस्थान से सट्टे हरियाणा के पश्चिमी जिलों विशेषकर सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी में भौगोलिक स्थिति की वजह से मौसम की चरम स्थितियां चाहें ठंड या गर्मी से आमजन को रूबरू होना पड़ता है।

-डा. चंद्रमोहन, मौसम विशेषज्ञ

### निमोनिया, खांसी व जुखाम के मरीज बढ़े

मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप ने छोटे बच्चों के खान पान में ऐहतियात बरतने व उन्हें उबला हुआ पानी पीने को देने की सलाह दी। उधर, ठंड बढ़ने से पशु भी बीमार होने लगे हैं। जिन्हें गर्म कपड़ों से ढ़ककर ठंड से राहत दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

### लाइटे जलाकर चलने को मजबूर यात्री

यमुनानगर में शीतलहर चलने से मैदानी इलाकों में शीतलहर का प्रकोप बढ़ने से लोग मौसम में बढ़ी ठंड से ठिठुरने लगे हैं। शुक्रवार को सुबह के वक्त जिले में घनी धुंध पड़ने व शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबकने के मजबूर हो गए। वहीं, गाड़ी चालकों ने लाइटे जलाकर चलने को मजबूर रहे।

**तापमान डिग्री सेल्सियस में**

| | |
|---|---|
| बालसमंद | 3.0 |
| महेंद्रगढ़ | 3.4 |
| फतेहाबाद | 3.5 |
| हिसार | 3.8 |
| रेवाड़ी | 4.1 |
| यमुनानगर | 4.7 |
| नारनौल | 4.8 |
| पंचकूला | 4.8 |
| पानीपत | 4.8 |
| करनाल | 4.7 |

स्त्रोत:भारतीय मौसम विभाग

## संसद सुरक्षा चूक का मामला

# जींद की नीलम से मिलने के लिए वकील को मिली परमिशन

- परिवार के लोग अब भी नीलम से नहीं मिल पाएंगे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना**

संसद सुरक्षा चूक मामले में गिरफ्तार की घसो गांव की नीलम के वकील को उससे मिलने की इजाजत कोर्ट तरफ से मिल गई है लेकिन नीलम के परिवार के लोग अभी भी नीलम से नहीं मिल पाएंगे। नीलम के भाई रामनिवास ने बताया कि उन्हें नीलम से मिलने की अनुमति अभी नहीं मिल पाई है। गौरतलब है कि ससंद के शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा चूक मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें गांव घसो खुर्द की नीलम भी शामिल है। नीलम ने संसद के बाहर नारेबाजी की थी। इसके बाद दिल्ली और लोकल पुलिस ने नीलम के घर पहुंचकर तलाशी ली थी और नीलम के बैंक खातों की कॉपी सहित अन्य सामान पुलिस साथ लेकर गई थी। नीलम की मां और उसका भाई लगातार नीलम से मिलने का प्रयास कर रहे थे लेकिन अभी तक नीलम से मिल नहीं पाए। नीलम के भाई के अनुसार अब नीलम से मिलने के लिए वकील को अनुमति कोर्ट की तरफ से मिल चुकी है तो वहीं कोर्ट ने एफआईआर की कॉपी उपलब्ध करवाने के लिए भी निर्देश दिए हैं।

# हकेंवि सरिता को मिला डाल्टन ट्रांजेक्शन पोस्टर पुरस्कार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़**



अकार्बनिक रसायन विज्ञान में आधुनिक रुझानों पर आयोजित सम्मेलन में सम्मान

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में पीएचडी की शोधार्थी सरिता कुमारी को प्रतिष्ठित डाल्टन ट्रांजेक्शन पोस्टर पुरस्कार प्राप्त हुआ है। उन्हें यह पुरस्कार अकार्बनिक रसायन विज्ञान में आधुनिक रुझानों पर आयोजित 20वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (एमटीआईसी-20) में प्रदान किया गया। भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलुरु में आयोजित इस सम्मेलन में सरिता कुमारी ने अपने शोध निर्देशक व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य डॉ. प्रकाश कानू, विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अनंदिता चक्रवर्ती व छात्रा ज्योति शर्मा के साथ हिस्सा लिया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रसायन विज्ञान विभाग की शोधार्थी व उनकी टीम को बधाई दी है।



**जींद।** नागरिक अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज की जांच करते पुलिस अधिकारी व चिकित्सक।

### जींद में नागरिक अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक के साथ मारपीट

- दुर्घटना में घायल युवक के साथ आए थे आरोपी

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉ. सूर्या के साथ बीती रात कुछ लोगों ने बदतमीजी करते हुए मारपीट की। इमरजेंसी वार्ड में काफी हंगामा रहा। सुबह चिकित्सकों ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाना पुलिस को दी। पुलिस ने फिलहाल इसमें कोई मामला दर्ज नहीं किया है और शनिवार को दोनों पक्षों को बुलाया गया है। गुरुवार रात को लगभग एक बजे कुछ लोग एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। यह लोग रात को नागरिक अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे। यहां तैनात डा.सूर्या ने उनका इलाज शुरू किया।

# हरियाणा बोर्ड का सीनियर सेकेंडरी का परिणाम जारी, 43% परीक्षार्थी पास

## मुक्त विद्यालय पूरक परीक्षा का भी रिजल्ट घोषित

- परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता
- परीक्षा में 40342 परीक्षार्थी प्रवेश हुए थे, जिसमें 26167 छात्र व 14175 छात्राएं शामिल
- ये परीक्षाएं प्रदेशभर में 109 केन्द्रों पर 19 अक्टूबर से 8 नवम्बर तक संचालित हुई थी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**



**भिवानी।** पत्रकारों से बातचीत करते विशेष कार्याधिकारी (अध्यक्ष) विपिन कुमार।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा अक्टूबर-2023 में आयोजित करवाई गई सीनियर सेकेण्डरी शैक्षिक व मुक्त विद्यालय पूरक परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया है। परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। परीक्षा में 40342 परीक्षार्थी प्रवेश हुए थे, जिसमें 26167 छात्र व 14175 छात्राएं शामिल हुए। ये परीक्षाएं प्रदेशभर में 109 केन्द्रों पर गत 19 अक्टूबर से आठ नवंबर 2023 तक संचालित हुई थी। ये जानकारी बोर्ड सचिव ज्योति मित्तल एवं विशेष कार्याधिकारी (अध्यक्ष) विपिन कुमार ने आयोजित प्रेस वक्तव्य में दी। उन्होंने बताया कि सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा का परिणाम 43 फीसदी रहा है। परीक्षा में 12349 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए थे, जिनमें से 5310 उत्तीर्ण हुए, इनमें से 5306 परीक्षार्थियों की कम्पार्टमेंट आयी है। परीक्षा में 8398 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से 3660 छात्र पास हुए, जिनकी पास प्रतिशतता 43.58 रही तथा 3951 प्रविष्ट छात्राओं मे से 1650 पास हुई, जिनकी पास प्रतिशतता 41.76 रही। उन्होंने आगे बताया कि सीनियर सेकेंडरी मुक्त विद्यालय परीक्षा का परिणाम 24.48 फीसदी रहा है। 27993 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए थे, जिनमें से 6853 उत्तीर्ण हुए।

## सीएम फ्लाइंग की रेड

# बिजली के सामान की दुकान से 40 सिलेंडर बरामद

- आरोपित दुकानदार दुष्यंत गैस एजेंसी में काम करता

**करनाल।** पाल नगर में एक बिजली के सामान की दुकान में सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी की, जहां से करीब 40 गैस सिलेंडर बरामद हुए। बरामद किए गैस सिलेंडर दुकानदार की ओर से अवैध तरीके से सप्लाई किए जा रहे थे। पुलिस ने बरामद सिलेंडरों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। सीएम फ्लाइंग की टीम के साथ रामनगर थाना की पुलिस भी मौजूद थी। काछवा रोड पर स्थित पाल नगर में एक दुकानदार अवैध रूप से सिलेंडरों की सप्लाई का कार्य कर रहा था। सूचना पर उक्त दुकान पर दबिश दी तो वहां पर इंडियन कंपनियों के खाली 3 और भरे हुए 37 गैस सिलेंडर बरामद हुए। दुकान मालिक की पहचान पाल नगर निवासी महेन्द्र के रूप हुई है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोपी दुकानदार महेन्द्र कैथल रोड स्थित दुष्यंत गैस एजेंसी में काम करता है।

# हिसारः हत्यारे भाई को आजीवन कारावास

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**



20 सितंबर 2018 को मामला दर्ज किया गया था

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप सिंह की अदालत ने हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। मामले के अनुसार बड़ागुढ़ा पुलिस ने बलराज पुत्र मनीराम के खिलाफ भादंसं की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस में दर्ज करवाई अपनी शिकायत में मृतका की पत्नी पूनम ने बताया कि उसका जेठ बलराज, उसकी सास सरबती उनके साथ ही रहते थे। उसका जेठ शराब का आदी है और शराब पीकर उसके पति सुखराज सिंह के साथ लड़ाई-झगड़ा करता था। शिकायत में बताया कि 20 सितंबर 2018 को उसका जेठ बलराज शराब पीकर घर आया और आते ही उसने अपनी मां सरबती के बारे में पूछा। जेठ ने लोहा पाईप से उसके पति के सिर पर चोट मारी।

### स्मैक रखने वाले मां-बेटे को दो-दो साल कैद


**कैथल।** एडीजे संगीता राय सचदेव ने स्मैक रखने के दोषी मां-बेटे को दो-दो साल कैद और प्रत्येक को 35000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा कटनी होगी। इस बारे में थाना गुहला के एसआई जोगिंदर सिंह ने 8 नवंबर 2020 को मुकदमा दर्ज करवाया था। स्टेट की ओर से केस की पैरवी उप जिला न्यायवादी जय भगवान गोयल ने की। गोयल ने बताया कि शिकायतकर्ता एसआई जोगिन्द्र सिंह, ईएसआई बलजीत सिहं, व कृष्ण कुमार, एएसआई बलराज सिहं व शुभकर्ण, एचसी राज सिंह, महिला कांस्टेबल पकविन्द्र कौर व चालक कांस्टेबल मनोज कुमार गश्त करते हुए गांव खरकां स्कूल के सामने पंहुचे। वहां एक व्यक्ति ने सूचना दी कि रवि निवासी खरकां अपने घर पर ही स्मैक बेच रहा है। इस पर जोगिन्द्र सिंह ने रेडिंग पार्टी तैयार की व सूचना के अनुसार रवि के मकान के लिए चला और साथी कर्मचारियों सहित रवि के मकान के अन्दर दाखिल हुआ। वहां एक युवक व एक महिला पुलिस को देख कर मकान के बराबर में पड़े खाली आंगन से मकान के पीछे की तरफ भागने लगे। पुलिस ने उनको मकान के आंगन में ही काबू कर लिया।

## रिश्वत लेने पर कार्रवाई

# डीईओ सहायक को चार साल की कैद

- स्टेट विजिलेंस आठ साल पहले किया था काबू

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेहा नौरिया की अदालत ने लगभग पौने आठ साल पहले स्कूल की मान्यता फाइल निकालने की एवज में 40 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सहायक को चार साल का कारावास तथा 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को नौ माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। गांव शामलो कलां में निजी स्कूल संचालक मनधीर कौशिक ने दो फरवरी 2016 को स्टेट विजीलेंस ब्यूरो की दी शिकायत में बताया था कि उसके स्कूल को आठवीं से दसवीं तक का करने के लिए मान्यता की खातिर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय फाइल दी हुई है। कार्यालय का सहायक मुनीराम बूरा 50 हजार रुपये की डिमांड कर रहा है। 10 हजार रुपये पहले दे दिए गए थे लेकिन पूरे 50 हजार रुपये लिए बिना स्कूल को मान्यता देने की फाइल को लंबित रख रहा है।



# हिसार के संदीप चहल ने 16,500 फीट ऊंची 'रेनॉक पीक' पर लहराया परचम

- शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने सफलता पर बधाई दी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार**

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से सिक्किम में 28 दिवसीय 16500 फीट ऊंची रेनॉक पीक एक्सपीडिशन का आयोजन किया गया। इसमें पूरे हरियाणा के 22 जिलों से एक छात्र एवं एक छात्रा, तीन महिला एवं तीन पुरुष अध्यापकों का चयन उनकी योग्यता के अनुसार पोर्टल के माध्यम से किया गया। इस एक्सपीडिशन में हिसार की ओर से राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नलवा के ललित कला प्राध्यापक संदीप कुमार ने हिस्सा लिया। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद एसोसिएट कंसलटेंट एवं कार्यक्रम संयोजक रामकुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग की ओर से भेजी गई टीम को पीक क्लाइंब करने से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर के माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट एचएमआई दार्जिलिंग में ट्रेनिंग कराई गई। कंटिजेंट लीडर सरवन सिंह के नेतृत्व में टीम यक्षुम 5750 फीट, शोका 9700 फीट एवं जौंगरी 12700 फीट से होती हुई एचएमआई कंचनजंगा बेस कैंप 14700 फीट तक पहुंची। बीच में छात्रों को उबड़ खाबड़ पहाड़ी रास्ते, जंगल, शीत लहर, बरसात एवं बर्फबारी का सामना करना पड़ा और इन सब से जूझते हुए सरकारी स्कूल के इन विद्यार्थियों ने 16500 फीट की ऊंचाई पर स्थित रेनॉक पीक को फतह किया एवं हरियाणा शिक्षा विभाग के साथ साथ तिरंगा झंडा वहां पर लहराया।



# लग्जरी जेट में सूखा राहत की मदद मांगने पहुंचे सिद्धारमैया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस इन दिनों क्राउडफंडिंग अभियान चला रही है। इसी बीच कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और राज्य मंत्री ज़मीर अहमद खान प्राइवेट जेट में सवार होकर दिल्ली पहुंचे थे। वे केंद्र से सूखा निधि जारी करने की मांग को लेकर दिल्ली पहुंचे थे। इसी बात को लेकर भाजपा ने सीएम सिद्धारमैया और मंत्री अहमद खान को घेर लिया। हमला करते हुए भाजपा ने कहा कि ऐसे समय में जब कांग्रेस चंदा मांग रही है तो दूसरी तरफ पार्टी के नेता प्राइवेट जेट में हैप्पी मोमेंट्स सेलिब्रेट कर रहे हैं। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि केंद्र से सूखा निधि जारी करने के लिए वे लग्जरी जेट से दिल्ली पहुंचे थे।

## भाजपा ने की कड़ी आलोचना

किसानों के लिए पैसा नहीं और... कर्नाटक के भाजपा नेता सीटी रवि ने भी यही वीडियो शेयर करते हुए कहा कि राज्य सरकार के पास सूखे से प्रभावित किसानों को देने के लिए पैसा नहीं है लेकिन प्राइवेट जेट में यात्रा करने के लिए है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सराकर के पास विकास या अपने किए गए वादों को पूरा करने के लिए पैसा नहीं लेकिन सीएम र मंत्रियों के लग्जरी जेट के लिए रुपयों की कोई कमी नहीं है। ऐसे तो सिद्धारमैया दावा करते हैं कि वे एक समाजवादी हैं लेकिन वे सूखा राहत के लिए पैसा मांगने के लिए दिल्ली प्राइवेट जेट से जाते हैं।

# 300 भारतीयों वाले प्लेन को फ्रांस ने रोका

**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस में शुक्रवार को एक सिविलियन एयरक्राफ्ट को रोक लिया गया। न्यूज एजेंसी 'एएफपी' की रिपोर्ट के मुताबिक- इस एयरक्राफ्ट में 300 भारतीय हैं। इसने यूएई के दुबई एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह फ्लाइट फ्यूल के लिए फ्रांस के एक छोटे एयरपोर्ट वाट्री पर रुका था। पुलिस को इसी दौरान जानकारी मिली कि इसमें मौजूद भारतीय नागरिक मानव तस्करी का शिकार बनने जा रहे हैं। पुलिस ने इस एयरक्राफ्ट को रोक लिया। पेरिस पुलिस ने एयरक्राफ्ट को रोके जाने की पुष्टि की है। सीक्रेट इन्फॉर्मेशन मिली थी। इस एयरक्राफ्ट में मौजूद 303 लोग ह्यूमन ट्रैफिकिंग का शिकार बन सकते हैं।

# प्रागः विवि में गोलीबारी में 14 लोगों की मौत



**प्राग(भाषा)।** चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में स्थित विश्वविद्यालय में एक हथियारबंद छात्र द्वारा की गई गोलीबारी में 14 व्यक्तियों की मौत हो गई और तीन विदेशी नागरिकों समेत 25 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अंधाधुंध गोलियां बरसाने की यह घटना हाल के वर्षों में चेक गणराज्य में हुए सबसे भयानक हमलों में से एक है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | 11 अदद सब स्टेशन और 2 अदद कार्यालय (जे/गढ़ एस/कार्यालय और एस/कार्यालय डीघल) (बेरी) की स्वीपिंग और सफाई हेतु एकमुश्त अनुबंध। | बंद होने की तिथि 28.12.2023 | ईएमडी 20000/- | www.uhbvn.org.in NIT-33XEN/BERI/2023-24 dated 29.12.2023 | 9315110303 xenopberi@uhbvn.org.in |
| 2 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन रोहद झज्जर में फालन चारदिवारी, जमीन भराई और अन्य सिविल कार्य का निर्माण। | बंद होने की तिथि 03.01.2024 | 16.75 लाख | www.uhbvn.org.in TENDER NO - 53A/CCR/2023-24 | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 3 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन भगवतीपुर रोहतक में पेवर ब्लॉक बिछाना, ओडीसीटी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 03.01.2024 | 3.89 लाख | www.uhbvn.org.in TENDER NO - 37A/CCR/2023-24 | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 4 | यूएचबीवीएन | एक्सईएन मंडल डिवीजन, यूएचबीवीएन, सोनीपत के कार्यालय में अटैच्ड बाथरूम सहित एक कमरे का निर्माण। | बंद होने की तिथि 03.01.2024 | 6.46 लाख | www.uhbvn.org.in TENDER NO - 33A/CCR/2023-24 | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 5 | यूएचबीवीएन | किराया आधार पर 6 अदद वाहनों की आपूति (महिंद्रा कैंपर और टाटा फोर्स पीछे की ओर से खुला या समतुल्य वाहन), एसडीओ (ओपी) सब-डिवीजन, नंबर-1, अंबाला कैंट के तहत शिकायत केंद्रों के लिए (1 अदद वाहन), बब्याल (1 अदद वाहन) केसरी (2 अदद वाहन) और बराड़ा (2 अदद वाहन) उपरोक्त वाहन शिकायत केन्द्र हेतु आवश्यक है और चौबीसों घंटे उपयोग में लाए जा सकते हैं। वाहन का मॉडल 2 वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए। | बंद होने की तिथि 05.01.2024 | 6000/- + जीएसटी/टीडीएस | www.uhbvn.org.in NIT-04/2023-2024 Dated:-20.12.2023 | 1712618450 xenopambalacantt@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/100/23670/I/88/6 दि. 22.12.23


## प्रसिद्ध कवि और चित्रकार इमरोज का निधन


**मुंबई (भाषा)।** प्रसिद्ध कवि और चित्रकार इमरोज़ का मुंबई में उम्र संबंधी बीमारियों के चलते शुक्रवार को निधन हो गया। वह 97 साल के थे। उनके परिवार के एक सदस्य ने यह जानकारी दी।



छब्बीस जनवरी 1926 को अविभाजित भारत के लाहौर से 100 किलोमीटर दूर एक गांव में जन्मे इमरोज पिछले कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों का सामना कर रहे थे और एक महीने पहले भी उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## जेल में मनेगा मनीष का नया साल, हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया है। तिहाड़ जेल में ही रहना होगा।



राउज एवेन्यू कोर्ट ने न्यायिक हिरासत को 19 जनवरी तक के लिए बढ़ा दिया है। कोर्ट ने सीबीआई में दस्तावेजों का निरीक्षण करने के लिए 15 जनवरी तक का समय दिया है।

## बच्चों की देखभाल के लिए खुलेंगे 17,000 क्रेच

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पालना योजना के तहत देशभर में 17,000 क्रेच केंद्र खोलेगा। केंद्र की इस योजना से राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं और उनके बच्चों की देखभाल में मदद मिल सकेगी।



5,222 क्रेच को मंत्रालय ने मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य महिलाओं को सक्षम बनाना है।

## पाक के चुनाव कार्यक्रम में फिर हुआ बदलाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आम चुनाव के कार्यक्रम में फिर बदलाव हुआ है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बदलाव के बाद नया शेड्यूल जारी कर दिया है। बता दें कि पाकिस्तान में 8 फरवरी 2024 को आम चुनाव होने हैं। अब पाकिस्तान चुनाव आयोग ने नामांकन करने की तारीखों को दो दिन के लिए और बढ़ा दिया है।

## पूर्व मेयर 14 करोड़ डॉलर के जुर्माने से दिवालिया

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी रूडी जुलियानी ने न्यूयॉर्क के सदर्न जिला कोर्ट में दिवालिया होने का दावा करते हुए आवेदन किया है।



रूडी जुलियानी का यह कदम उन पर 14 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगने के तुरंत बाद सामने आया है। उनके ऊपर 10 करोड़ और 500 करोड़ डॉलर का कर्ज है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला करनाल में घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में बाजीदा जट्टान से ऋषि नगर रोड (ओडीआर) रोड आईडी 8865, लम्बाई 4.700 कि.मी. तक डब्ल्यूबीएम और 50 मिमी डीबीएम तथा 30 मिमी बीसी और सीसीबी/आईबी की रिलेइंग सहित मजबूतीकरण और पुनर्निर्माण (स्मार्ट सिटी निधि के तहत)। | 20.12.2023 10.01.2024 | 164.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला पानीपत गांव पहलादपुर खलीला में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (केवल ईआई कार्य)। | 22.12.2023 03.01.2024 | 1.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में मौजूदा एच.एल. ब्रिज 3 स्पैन 45 मीटर प्रत्येक मारकंडा नदी के ऊपर क्रॉसिंग रोड काला आम्ब सढ़ौरा बराड़ा शाहबाद रोड 1 कि.मी. के सुरक्षा कार्य का प्रावधान। | 18.12.2023 08.01.2024 | 192.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd- naraingarh@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | 1 अदद एलीवेटर जिसकी क्षमता 8 व्यक्ति 544 किलोग्राम है और आर्किटेक्ट ब्लॉक, पीडब्ल्यूडी बैंडर निर्माण सदन सेक्टर-33 चण्डीगढ़ में स्थापित है, को बदलना + 1 कार्य। | 22.12.2023 28.12.2023 | 31.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | सेक्टर-20, पंचकूला में श्रम विभाग हेतु श्रम शक्ति भवन के कार्यालय भवन का निर्माण (केवल ई.आई. का प्रावधान) + 2 कार्य। | 21.12.2023 27.12.2023 | 156.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज सिरसा | जिला सिरसा (एचआरडीएफ) गांव ममेरा कलां, ब्लॉक ऐलनाबाद में दलीप सहारन के मकान से सुखदेव लोधी के मकान तक आईपीबी फिरनी का निर्माण + 1 कार्य। | 20.12.2023 26.12.2023 | 49.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666247479 prexeeng.srs@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज सिरसा | जिला सिरसा, ब्लॉक डबवाली गांव मांगेयाना में बस स्टॉप का निर्माण + 7 कार्य। | 19.12.2023 26.12.2023 | 49.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666247479 prexeeng.srs@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज राई, सोनीपत | गांव अकबरपुर बरोटा, ब्लॉक राई में हॉल, कमरा, शौचालय और शैड का निर्माण + 1 कार्य। | 20.12.2023 26.12.2023 | 35.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416468685 sdoprrai4@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज पंचकूला | गांव बड़ौली और गणेशपुर (त्रिलोकपुर) ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में चौपाल में शैड का निर्माण और रिसाल सिंह से मेन गली ओल्ड सीसी तक आईपीबी गली का निर्माण + 1 कार्य। | 19.12.2023 26.12.2023 | 9.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 PREXEENG.PKL@HRY.NIC.IN |
| 10 | पंचायती राज इन्द्री, नूह | गांव कवारसिका 25284 में बरोता रास्ता से सुमेर नगर तक आईपीबी रास्ते का निर्माण। | 18.12.2023 27.12.2023 | 7.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818433735 sdoprindri8@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज इन्द्री, नूह | गांव नौशेरा एसएफसी (जैडपी) में वाटर टैंक का निर्माण। | 18.12.2023 27.12.2023 | 2.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818433735 sdoprindri8@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज नूह | गांव अलावलपुर ब्लॉक समिति नूह-122107 (बीएस) के कब्रिस्तान में नमाज चबूतरे का निर्माण + 11 कार्य। | 19.12.2023 27.12.2023 | 54.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813021761 sdo-nuh.pan@hry.gov.in |
| 13 | पंचायती राज नूह | गांव एफपी नामक ब्लॉक नूह 122107 वीएएनजीवाई में नाहर पुलिया से अबु बकर मस्जिद तक आईपीबी रास्ते की पेवमेंट + 5 कार्य। | 19.12.2023 27.12.2023 | 30.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813021761 sdo-nuh.pan@hry.gov.in |
| 14 | पंचायती राज ढांड, कैथल | गांव संगरोली में चंदे की चक्की के निकट नई आरओडी चौपाल का निर्माण + 3 कार्य। | 20.12.2023 26.12.2023 | 54.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416043370 sdoprdhand@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज पिंजवान, नूह | गांव पिंजवाना में 4 अदद, 8 अदद बैडेड, रिथाट 8 अदद ब्लॉक समिति पिंजवाना के 20 अदद वाटर टैंक का निर्माण। | 21.12.2023 29.12.2023 | 10.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8930239597 sdoprpinangwan@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज पिंजवान, नूह | गांव मनोटा ब्लॉक पिंजवाना, जिला नूह में स्कूल के निकट पंचायत दुकान का निर्माण। | 21.12.2023 29.12.2023 | 1.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8930239597 sdoprpinangwan@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज सोनीपत | गांव मोये, ब्लॉक गन्नौर में 1. रोहतास पुत्र छोटू से बाल्मिकी बस्ती तक गली का निर्माण, 2. यहां गांव बढ़ी, ब्लॉक गन्नौर में दुभेटा मेन रोड से तेजबीर के खेत तक रास्ते का निर्माण + 2 कार्य। | 21.12.2023 02.01.2024 | 39.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज लाखनमाजरा, रोहतक | **गांव चिड़ी, ब्लॉक लाखनमाजरा में पंजदी वाला तालाब में पशुओं के पीने के पानी हेतु खेल का निर्माण, पंचायत समिति द्वारा 15वीं वित्त योजना, 2. गांव गुगाहेड़ी, पंचायत समिति के तहत बाल्मिकी कुएं का पुनरोद्धार + 1 कार्य। | 21.12.2023 08.01.2024 | 21.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprlakhanmajra@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज सोनीपत | 1. गांव बिचपड़ी में फिरनी से समुंद्र पुत्र टीका राम के खेत तक बीओईपी रास्ते का निर्माण, 2. लम्बा वाला रामफल पुत्र छोटू से निरंजन पुत्र टेकराम के खेतों तक ऐज पेविंग रास्ते पर ब्रिक का निर्माण, 3. गांव जवाहरा में प्रधाना रोड से सेवा पुत्र नफे सिंह के खेत तक ऐज पेविंग रास्ते पर ब्रिक का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.01.2024 | 46.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 kulbirsinghxen27@gmail.com |
| 20 | पंचायती राज सोनीपत | गांव चातिया ओलिया में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.01.2024 | 137.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 kulbirsinghxen27@gmail.com |
| 21 | पंचायती राज रोहतक | 2. गांव भैणी भैंरो, ब्लॉक महम में 1. रमेश पुत्र मौजी से अशोक पुत्र चत्तर राम, 2. एम/एच/सतीश/एस/ टेका राम कृष्ण के मकान तक कृष्ण पुत्र थम्भु के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 19.12.2023 09.01.2024 | 42.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprmeham@gmail.com |
| 22 | पंचायती राज करनाल | जिला करनाल, गांव बड़ागांव, ब्लॉक कुंजपुरा में सुनील राणा के खेत से मदन राणा के खेत तक ऐज रास्ते पर ब्रिक का निर्माण_बड़ागांव ब्लॉक कुंजपुरा में लज्जा बनिया के खेत से रामपाल गोस्वामी के खेत तक ब्रिक मेज रास्ते का निर्माण, गांव बड़ागांव, ब्लॉक कुंजपुरा, जिला करनाल में किरणपाल के खेत से ऐज रास्ते पर ब्रिक का निर्माण + 1 कार्य। | 19.12.2023 25.12.2023 | 5.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 23 | पंचायती राज पुन्हाना, नूह | गांव गड़ौली, ब्लॉक उन्हाना, जिला नूह, जिला नूह, ब्लॉक उन्हाना, जिला नूह (जैडपी) में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण + 17 कार्य। | 21.12.2023 29.12.2023 | 78.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168771845 sdoprpnh007@gmail.com |
| 24 | पंचायती राज झोझू कलां, चरखी दादरी | गांव चंदेनी में एससी चौपाल का पुनरोद्धार + 5 कार्य। | 20.12.2023 27.12.2023 | 80.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 25 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | नवांनगर (पीएस) - गांव नवांनगर ग्राम पंचायत नवांनगर, ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला की मुस्लिम बस्ती में ड्रेनेज हेतु पाइप को बिछाना + 7 कार्य। | 19.12.2023 25.12.2023 | 26.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 26 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | गांव माला, ब्लॉक पिंजौर (पीकेएल) में एससी चौपाल की मरम्मत / पुनरोद्धार + 11 कार्य। | 21.12.2023 27.12.2023 | 26.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 27 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | किरतपुर :- गांव किरतपुर, ब्लॉक पिंजौर, पंचकूला में अजायब सिंह के मकान से रूरधा सिंह तक रिटेनिंग वॉल के साथ-साथ और गली का निर्माण + 1 कार्य। | 21.12.2023 27.12.2023 | 17.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 28 | पंचायती राज लाखनमाजरा, रोहतक | *गांव नांदल, पंचायत समिति के तहत बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण, 2. गांव इन्द्रगढ़, पंचायत समिति के तहत में 2 अदद पुलिया का निर्माण + 1 कार्य। | 21.12.2023 08.01.2024 | 21.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprlakhanmajra@gmail.com |
| 29 | महानिदेशालय आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 01 मद मदों की निहित सूची (01 मदों का एकल लॉट)*। | 22.12.2023 16.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 30 | महानिदेशालय आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 89 मदें मदों की निहित सूची (89 मदों का एकल लॉट)*। | 22.12.2023 16.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 31 | महानिदेशालय आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 32 मदों मदों की निहित सूची (32 मदों का एकल लॉट)। | 22.12.2023 16.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 32 | महानिदेशालय आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 01 मदों मदों की निहित सूची (01 मद का एकल लॉट)। | 22.12.2023 16.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 33 | महानिदेशालय आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 115 मदों मदों की निहित सूची (115 मदों का एकल लॉट)*। | 22.12.2023 16.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 34 | महानिदेशालय आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 08 मदों मदों की निहित सूची (08 मदों का एकल लॉट)*। | 22.12.2023 16.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 35 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | कार्य का नाम - सिरसा टाउन में विभिन्न गलियों और उसके अन्य सभी स्थानों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स को हटाना / रिलेइंग, सीएच शीर्ष :- जिला सिरसा सिरसा टाउन के विभिन्न स्थानों पर पोटेबल ड्रिंकिंग वाटर की आपूर्ति हेतु पुरानी / क्षतिग्रस्त पीवीसी/एसी/सीआई पाइप लाइन के बदलने हेतु आकलन। | 21.12.2023 28.12.2023 | 4.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 36 | पशु चिकित्सा विज्ञान और डेयरिंग विभाग हरियाणा पंचकूला | राज्य स्तरीय पशुधन शो, 2023-24. | 21.12.2023 03.01.2024 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416530068 gdobranchahd@gmail.com |
| 37 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | फतेहाबाद ब्रांच के आरडी 282500-एल पर भंडोरी डिस्टी. के आरडी 0 से 31380 टेल तक ऑफटेकिंग पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 11.01.2024 | 189.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9729357000 xennehrana@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/740/23673/I/88/6 दि. 22.12.23



## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

### घोषणा

**एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) एवं अन्य सम्बद्ध सेवाएं परीक्षा-2023**
**(विज्ञापन सं. 58 ऑफ 2023)**

उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा घोषणा की जाती है कि आयोग ने एक्सईएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) एवं अन्य सम्बद्ध सेवाएं परीक्षा-2023 (विज्ञापन सं. 58 ऑफ 2023) के पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 21.12.2023 से 25.12.2023 (सोमवार) अप. 11:55 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

हस्ता/- उप सचिव
दिनांक : 21.12.2023 हरियाणा लोक सेवा आयोग
संवाद विज्ञा. सं.-1156/13/229/2024/23648/88/6 दि. 22.12.23 पंचकूला



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 385 दिनांक 20.12.2023 धारा 346 IPC थाना आई.एम.टी. रोहतक ।**




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** सन्दीप
**पिता/पति का नाम -** पुत्र रणधीर
**पता-** गांव खरावड़ जिला -रोहतक
**उम्र-** 37 वर्ष
**कद-** 5 फुट 5 ईंच
**हुलिया-** रंग- गेहुआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट फूर्तिला शरीर, लम्बी गोल नाक, काले बाल, काली आँखे, माथे के बीच निशान चोट।
**पहनावा -** सफेद रंग का कुर्ता पजामा व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 20.12.2023 को सन्दीप पुत्र रणधीर वासी गांव खरावड़ जिला रोहतक हरियाणा थाना आई.एम.टी, जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी रोहतक- 70829-99124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता आई.एम.टी रोहतक- 9412935473

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 492 दिनांक 20.12.2023 धारा 346 IPC थाना सांपला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** सुमित
**पिता/पति का नाम -** पुत्र सोमबीर
**पता-** वार्ड न. 7 सांपला जिला - रोहतक
उम्र- 23 वर्ष
**कद-** 6 फुट
हुलिया- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट फूर्तिला शरीर, लम्बी गोल नाक, काले बाल, काली आँखें ।
**पहनावा -** लाल रंग की जाकैट, लोवर व पैरों में जुते पहने हुए है।

दिनांक 20.12.2023 को सुमित पुत्र सोमबीर वासी वार्ड न. 7 सांपला जिला रोहतक हरियाणा थाना सांपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक - 70829-99125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता सांपला - 9034985356

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 493 दिनांक 20.12.2023 धारा 365 IPC थाना सांपला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** बन्टी कुमारी
पिता/पति का नाम - पुत्री अरुण पासवान
**पता-** दहकोरा रोड सांपला जिला - रोहतक
**उम्र-** 14 वर्ष
**कद-** 4 फुट 9 ईंच
**हुलिया-** रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा ।
**पहनावा -** सफेद व नीले रंग की फिरोक पहने हुए है।

दिनांक 20.12.2023 को बन्टी कुमारी पुत्री श्री अरुण पासवान निवासी दहकोरा रोड सांपला जिला रोहतक हरियाणा थाना सांपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक - 70829-99125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता सांपला - 9034985356

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 470 दिनांक 20.12.2023 धारा 346 IPC थाना अर्बन एस्टेट जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** रेखा
**पिता/पति का नाम -** पत्नी अरुण
**पता-** जाट भवन के पिछे रामगोपाल कालोनी जिला रोहतक ।
उम्र- 29 वर्ष
**कद-** 5 फुट
**हुलिया-** रंग साफ, लम्बुतरा चेहरा, मजबुत शरीर, काली आंखे, काले बाल व ठुडी पर निशान सुरमा ।
**पहनावा -** गुलाबी रंग का सुट सलवार, सफेद रंग की जर्सी, व पैरो मे घुंघरु जडी हुए काले रंग की जुती पहने हुए।

दिनांक 20.12.2023 को रेखा पत्नी अरुण निवासी जाट भवन के पिछे रामगोपाल कालोनी थाना अर्बन एस्टेट जिला रोहतक से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक - 7082999122
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 9991414246

पीआरडीएच-1084/11/2005/2024/23622/88/6 दि. 22.12.23

अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023

अध्यात्म, संस्कृति एवं कला का दिव्य संगम

हरियाणा सरकार

KURUKSHETRA DEVELOPMENT BOARD
कुरुक्षेत्र विकास मंडल

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते॥
भगवद्गीता 3.21

7-24 दिसम्बर, 2023 कुरुक्षेत्र, हरियाणा



गीता जयंती के पावन अवसर पर

दीपोत्सव एवं गीता महाआरती

23 दिसम्बर, 2023

मुख्य अतिथि

डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा
मुख्यमंत्री, असम

श्री मनोहर लाल
मुख्यमंत्री, हरियाणा

मुख्य कार्यक्रम

- 18000 विद्यार्थियों द्वारा गीता का वैश्विक पाठ
- हरियाणा एवं असम पैवेलियन में सांस्कृतिक कार्यक्रम
- 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि के 164 तीर्थों पर दीपोत्सव
- 48 कोस तीर्थ सम्मेलन, श्रीमद्भगवद्गीता सदन, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय



"सभी देशवासियों को गीता जयंती की अनंत शुभकामनाएं।
श्रीमद्भगवद्गीता सदियों से मानवता का मार्गदर्शन करती आई है।
अध्यात्म और जीवन-दर्शन से जुड़ा यह महान ग्रंथ हर युग
में पथ प्रदर्शक बना रहेगा।"

- नरेन्द्र मोदी

कार्यक्रम की जानकारी के लिए
पोर्टल पर जाएं अथवा क्यू आर कोड स्कैन करें

www.internationalgitamahotsav.in
www.48koskurukshetra.com

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

चिंतन

# बढ़ते कर्ज के प्रति सतर्क रहे सरकार

भारत सरकार को सतर्क रहने की जरूरत है। देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। इस वर्ष मार्च में देश पर कुल कर्ज 200 लाख करोड़ रुपये था, यानी बीते 6 महीने में 5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बढ़ गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेताया है कि सरकार अगर इसी रफ्तार से कर्ज लेती रही तो देश पर जीडीपी का 100 फीसदी कर्ज हो सकता है और ऐसा हुआ तो सरकार के लिए कर्ज का भुगतान करना मुश्किल होगा। यूं तो घाटे के बजट वाली अर्थव्यवस्था को प्रगतिशील मानी गई है, लेकिन कर्ज इतना ना हो जाय कि ब्याज देनदारी में ही पसीने छूटे और भुगतान का संकट पैदा हो जाय। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था बहुत तेज गति से विकास कर रही है, इसी के साथ सुरसा की भांति बढ़ते कर्ज अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। हाल के वर्षों में कर्ज के चलते देशों की अर्थव्यवस्था बेटपरी होते देनिया ने देखी है। पाकिस्तान, श्रीलंका का उदाहरण सामने है। कुछ वर्ष पूर्व तुर्की, स्पेन की सरकार का संकट हमने देखा है। भारत की फ्रीबिज राजनीति जिस तरह चलन में आ गई है, इससे सरकारों पर कर्ज बढ़ने का खतरा और बढ़ गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार देश का कुल कर्ज चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 2.47 लाख करोड़ डॉलर (205 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गया है। वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कर्ज 200 लाख करोड़ रुपये था। इनमें केंद्र सरकार का कर्ज 161.1 लाख करोड़ है, तो कुल कर्ज में राज्य सरकारों की हिस्सेदारी 50.18 लाख करोड़ रुपये है। अकार के हिसाब से बेशक भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं बड़ी इकोनॉमी है, लेकिन लगातार कर्ज का बढ़ना सरकार के लिए नया संकट खड़ा कर सकता है। देश के हर नागरिक पर 1.40 लाख रुपये का कर्ज है। सरकार को फिजूल खर्ची बंद करनी होगी, संपत्ति निर्माण से जुड़े खर्च बढ़ाना होगा, मुफ्तगिरी वाली योजनाओं को बंद करना होगा, विकास की दिशा को संपत्ति सृजन की तरफ मोड़ना होगा। चालू वित्त वर्ष में सरकार का राजकोषीय घाटा व वित्तीय घाटा दोनों बढ़ा है। ये अनुमानित लक्ष्य से अधिक हैं। ऐसे में सरकार पहले से ही वित्तीय दबाव में है। जीएसटी कलेक्शन और प्रत्यक्ष कर संग्रह में वृद्धि हुई है, लेकिन इसी के साथ सरकारी बैंकों का एनपीए भी बढ़ा है। बैड बैंक के आइडिये से सरकारी बैंकों की माली हालत में सुधार नहीं हुआ है, उन पर गैर निष्पादित अस्तियों का दबाव बना हुआ है। राज्यों की केंद्र पर वित्तीय निर्भरता बनी हुई है, राज्य वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो रहे हैं, उल्टे उनके कर्ज बढ़ते जा रहे हैं। सरकारों को समय रहते कर्ज पर अंकुश लगाना होगा। आईएमएफ ने कहा है कि भारत को लॉन्ग टर्म में कर्ज चुकाने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, आईएमएफ की इस रिपोर्ट पर केंद्र सरकार ने असहमति जताई की है। भारत सरकार का मानना है कि सरकारी कर्ज से जोखिम काफी कम है, क्योंकि ज्यादातर कर्ज रुपये में है। आईएमएफ का कर्ज बढ़ने का दावा अतिश्योक्ति जरूर लग सकता है, लेकिन सरकार पर भारी कर्ज भविष्य का संकट है। सरकार को समझदारी से खर्च प्रबंधन के उपायों को अपनाना चाहिए। आईएमएफ की चेतावनी को हल्के में लेना ठीक नहीं होगा। सरकार बढ़ते कर्ज के प्रति सतर्क-सजग रहे तो अच्छा है।



दिवस विशेष
रवि शंकर

# किसानों को संकट से उबारना जरूरी

खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमत हमारे लिए खतरे की घंटी है। आयातित अनाज के भरोसे खाद्य सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती। इस देश के किसानों को आर्थिक उदारवाद के समर्थकों की सहानुभूति की जरूरत नहीं है। अगर देश की हालत सुधारनी है, गरीबी मिटानी है और किसानों की हालत में सुधार करके उनका जीवन स्तर ऊपर उठाना है तो सबसे पहले कृषि क्षेत्र की हालत सुधारना सबसे आवश्यक है। देश की आधी से ज्यादा आबादी कि स्थिति सुधारे बिना देश का विकास नहीं हो सकता है, इसलिए जरूरत है इसकी महता को कागज़ों से निकाल कर किसानों के बीच ले जाने की।

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसान की स्थिति देखकर देश के तमाम विकास के दावे बेमानी लगने लगते हैं। इसका एक कारण सरकार द्वारा किसानों पर जितना ध्यान देना चाहिए, उतना नहीं देना है। मालूम हो,सरकार ने किसानों को 2022 तक उनकी आय दो गुना करने का वादा किया था। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लागत का डेढ़ गुना करने का वादा किया था, लेकिन वादे केवल वादे ही बनकर रह गए। गौर करने वाली बात यह है कि हमारे देश में अब भी किसानों की औसत आय इतनी कम है इससे उनका भरण-पोषण नहीं हो सकता।

यह विडंबना ही कही जाएगी कि भारत में अन्नदाताओं की इनकम चपरासी से भी कम है। सरकार की तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद देश के किसानों की हालत में कोई क्रांतिकारी सुधार नहीं दिख रहा है। उनकी इस बदहाली के पीछे कहीं न कहीं सरकार की नीतियां ही जिम्मेदार हैं जहां कृषि को कभी भी देश के विकास की मुख्यधारा का मानक समझा ही नहीं गया। बीज और खाद आदि के नाम पर छिटपुट सब्सिडी और कृषि ऋण के अलावा किसानों के लिए आज भी कोई विशेष सरकारी सुविधा नहीं है। यही वजह है कि किसानों के सामने हमेशा संकट बना रहता है। प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी कारण से फसल बर्बाद हो गई तो खेती के लिए लिया गया कर्ज न चुका पाने के कारण किसानों के सामने रोटी के भी लाले पड़ जाते हैं और निराशा आत्महत्या तक ले जाती है। वहीं जरूरत से ज्यादा उत्पादन भी आफत का कारण बन जाता है, क्योंकि उसे उसकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है और उसे उन्हें औने-पौने दामों में बेचना पड़ता है। यदि किसान का उत्पादन अधिक हो जाए तो भी सरकार हाथ खड़े कर देती है और कम रहे तब भी सरकार को परेशानी होने लगती है(

भारत में तकरीबन 60 फीसदी आबादी कृषि से जुड़ी है। सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। फिर भी उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। पिछले डेढ़-दो दशकों से जो भी सरकारें बनी, उसने कृषि क्षेत्र की उपेक्षा की। बेशक कृषि क्षेत्र के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गईं, लेकिन उनका क्रियान्वयन ठीक ढंग से नहीं किया गया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय बागवानी मिशन जैसी न जाने कई योजनाएं चल रही हैं। इसके अलावा भारत निर्माण, त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम, वर्षा आधारित क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत काफी क्षेत्रों को सिंचित करने का प्रस्ताव भी है, लेकिन सही तरीके से क्रियान्वयन न होने की वजह से इनका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। अक्सर यह बात कही जाती है कि हमारी अर्थव्यवस्था सबसे चमकदार अर्थव्यवस्थाओं में एक है, लेकिन चमकदार अर्थव्यवस्था में इस दाग को सरकार नहीं मिटा पाती कि दुनिया में सबसे अधिक कुपोषण से मरने वाले बच्चों की संख्या भारत में ही है। यह एक सच्चाई है जिसे कोई सरकार स्वीकार करना नहीं चाहेगी। भले, ऊंची विकास



दर अर्थव्यवस्था की गतिशीलता का पैमाना हो, मगर खाद्य असुरक्षा को लेकर कृषि प्रधान देश की ऐसी दुर्दशा होना निश्चित ही गंभीर बात है।

गौरतलब है कि भारत की आबादी एक अरब 41 करोड़ से ऊपर जा चुकी है। द मिलेनियम प्रोजेक्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि सन 2040 तक भारत की आबादी लगभग एक अरब 57 करोड़ हो जाएगी। ऐसे में सभी लोगों को भोजन मुहैया करना एक बड़ी चुनौती होगी। हकीकत यह है कि अगर इस देश में सभी लोग दो जून भरपेट भोजन करने लगें तो देश में अनाज की भारी किल्लत पैदा हो जाएगी। भुखमरी का यह तस्वीर कृषि संकट का ही एक चेहरा है। असल में कृषि क्षेत्र जिस घोर संकट में फंसा हुआ है, उसका एक बड़ा कारण किसानों की आत्महत्याओं में दिखाई पड़ रहा है।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि कृषि प्रधान देश भारत में कृषि और किसान कितनी मुश्किलों से गुजर रहे हैं, यह जानने के लिए तो किसी अध्ययन या शोध की जरूरत सरकार को नहीं होनी चाहिए। बरसों से देश के विभिन्न हिस्सों से किसानों द्वारा आत्महत्या करने की खबरें आ रही हैं, तो दूसरी तरफ तेजी से खेती से विमुख हो रहे लोगों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। इन हालात में, खासकर तब जबकि बेलगाम आबादी के लिए मंडराते खाद्यान्न संकट के मद्देनजर सरकार एक और हरित क्रांति की जरूरत पर जोर दे रही है। अगर भारतीय कृषि और किसान को गहरे संकट से उबारना है, तो कुछ बड़े और कड़े फैसले सरकार को करने पड़ेंगे। भले ही पिछले दशक में कृषि क्षेत्र के लिए ऋण मेंचाहे जितना इजाफा किया गया हो लेकिन आज भी छोटे और सीमांत किसान अपनीजरूरतों की पूर्ति के लिए सेठ-साहूकारों की ही मदद लेते हैं। ऐसा लगता है कि बैंकों की ऋण सुविधाओं का अधिकतर लाभ भी वही किसान उठा रहे हैं जो कर्ज चुकाने की स्थिति में हैं। यदि किसानों को खेती से लाभ दिलाने के लिए दीर्घकालिक उपायों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो स्थिति और भयानक हो सकती है। किसानी का पूरा काम इतना श्रम आधारित है कि इसमें शरीर तोड़ने वाले श्रम की जरूरत पड़ती है। किसान प्रकृति से भी लड़ता है क्योंकि प्रकृति कभी भी उसके नियम से चलती नहीं है और सरकार के द्वारा बनाई गई तमाम व्यवस्थाएं जो उसके प्रतिकूल जा रही हैं, किसान को उससे भी लड़ना होता है।

साफ है, लागत खर्च बढ़ने से देश के किसानों की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। यहां तक उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है। यही वजह है कि अब किसानों के लिए खेती लाभप्रद व्यवसाय नहीं रह गई है और खेती से मोहभंग के कारण वे लगातार रोजगार के वैकल्पिक उपायों को अपना रहे हैं। अगर किसानों और कृषि के प्रति यही बेरुखी रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब हम खाद्य असुरक्षा की तरफ तेजी से बढ़ जाएंगे। जोकि देश की खाद्य सुरक्षा के लिए खतरे का संकेत है। खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमत हमारे लिए खतरे की घंटी है। आयातित अनाज के भरोसे खाद्य सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती। इस देश के किसानों को आर्थिक उदारवाद के समर्थकों की सहानुभूति की जरूरत नहीं है। अगर देश की हालत सुधारनी है, गरीबी मिटानी है और किसानों की हालत में सुधार करके उनका जीवन स्तर ऊपर उठाना है तो सबसे पहले कृषि क्षेत्र की हालत सुधारना सबसे आवश्यक है। देश की आधी से ज्यादा आबादी कि स्थिति सुधारे बिना देश का विकास नहीं हो सकता है, इसलिए जरूरत है इसकी महत्ता को कागज़ों से निकाल कर किसानों के बीच ले जाने की।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

बलिदान दिवस
डॉ. जगदेव सिंह विद्यालंकार




# अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द

धन्य है जालन्धर जिले के तलवन ग्राम की वह भूमि जहां नानकचन्द के घर में 1856 में स्वामी श्रद्धानन्द सरीखे राष्ट्रपुरुष ने जन्म लिया। यद्यपि मुन्शीराम का आरम्भिक जीवन पिता के उच्चपदस्थ एवं धनसम्पन्न होने के कारण कुमार्गगामी हो गया था और शराब, मांस आदि के सेवन से अत्यधिक दुर्व्यसनी हो गया था, परन्तु शीघ्र ही उनके जीवन का सौभाग्य उदय हो गया। संयोग से महर्षि दयानन्द उस बरेली नगर में वेदप्रचार करने के लिए पहुंच गए जहां मुंशीराम के पिता नानकचन्द शहर कोतवाल थे और महर्षि के प्रवचनों के प्रबन्धक थे। जब नानकचन्द ने भव्य ऋषि के प्रवचन सुने तो उन्हें विश्वास हो गया कि मेरे पथभ्रष्ट पुत्र को ये ही सन्मार्ग पर ला सकते हैं और हुआ भी वहीं। ऋषि के व्याख्यान सुनकर मुन्शीराम महात्मा मुन्शीराम बन गए और जीवन में कुछ कर गुजरने का संकल्प कर लिया। उस दिव्य ऋषि के शिष्य ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। त्याग, तप और संयम की भट्ठी में स्वयं को ऐसा झोंका कि कुन्दन बनकर निकले। छत्तीस वर्ष की आयु में विधुर होने के बाद कठोर ब्रह्मचर्य व्रत को धारण किया। राजा जनक की भांति निर्लिप्त भाव से गृहस्थ धर्म के उत्तरदायित्व को पूरा किया। शीघ्र ही स्वामी दयानन्द द्वारा बताए हुए सन्देश को कार्यान्वित करने के लिए गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को प्रारम्भ करने हेतु संकल्प लिया और केवल छह महीने के समय में तीस हजार रुपये एकत्रित कर लिए जो आज के तीस करोड़ के बराबर थे। महात्मा मुंशीराम की पारखी बुद्धि में यह जान लिया था कि गुरुकुल शिक्षा प्रणाली ही वह सरणी है जिस पर चलकर इस देश का युवा स्वावलम्बी, स्वाभिमानी और आत्मसमानी बनकर राष्ट्र की पराधीनता की जंजीरों को काट सकता है तथा धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से पतनोन्मुख राष्ट्र को सन्मार्ग पर प्रशस्त कर सकता है। 'उपहरे गिरीणां संगमे च नदीनां चिया विप्रो अजायत' इस वेदमन को मन में संजोकर 1902 में हरिद्वार के निकट कांगड़ी गांव में गंगा की दो धाराओं के मध्य गुरुकुल की स्थापना कर दी और सबसे पहले अपने दोनों पुत्रों हरिश्चन्द्र और इन्द्र को गुरुकुल में प्रविष्ट कर दिया। गुरुकुल कांगड़ी ने एक से बढ़कर एक विद्वान, साहित्यकार, पत्रकार, लेखक और वक्ता प्रदान किए। नारी शिक्षा के लिए भी महात्मा मुन्शीराम ने जालंधर में कन्या विद्यालय की स्थापना की। स्वामी श्रद्धानन्द त्याग और तप की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने अपनी सारी सम्पत्ति दान में दे दी। प्रेस और किले के आकार की भय कोठी को भी आर्य समाज को दे दिया। ऐसा सर्वमेध यज्ञ करने वाला कोई विरला ही होता है। अपने गुरु महर्षि दयानन्द के आदेश का स्वामी श्रद्धानन्द ने अक्षरशः पालन किया। संन्यास लेने के बाद स्वामी जी ने गुरुकुल को छोड़ दिया और दिल्ली में रहकर स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लिया। महात्मा गांधी स्वामी जी को अपना बड़ा भाई मानते थे और उनके सम्मान में चरणस्पर्श करते थे। जलियांवाला निर्मम हत्याकांड के तुरन्त बाद अमृतसर में कांग्रेस का अधिवेशन स्वामी श्रद्धानन्द ने अपने बलबूते पर कराया और स्वयं स्वागताध्यक्ष बने तथा अपने स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम का परिचय देते हुए हिंदी में भाषण दिया। रोलेट एक्ट के विरोध में बड़े भारी जुलूस का नेतृत्व करते हुए दिल्ली के चादनी चौक के घंटाघर के पास जब गोरे सिपाहियों ने संगीनें तान दी तो निर्भीक स्वामी जी ने अपनी छाती अड़ा दी। 'हिम्मत है तो चलाओ गोली' तब स्वामी श्रद्धानन्द की हुंकार सुनकर गोरों की संगीनें झुक गईं। स्वामी श्रद्धानन्द की निर्भीकता, निष्पक्षता और मानवता को देखकर ही मौलाना अब्दुल्ला चुड़ीवाले ने जामा मस्जिद में भाषण देने के लिए आमन्त्रित किया और स्वामी जी ने जामा मस्जिद के दिम्बर पर खड़े होकर वेदमन्त्रों का उच्चारण करते हुए एक घंटे का भाषण दिया और उसके दो दिन बाद फतहपुरी मस्जिद में भी स्वामी जी का भाषण हुआ। स्वामी जी ही एक मात्र ऐसे हिन्दू नेता थे जिन्होंने मस्जिद में भाषण दिया भाई-चारे का सन्देश दिया। स्वामी जी के शुद्धि आन्दोलन बहुत जोर-शोर से चलाया और जो स्वेच्छा से हिन्दू बनना चाहते थे उन्हें स्वामी जी शुद्ध करके हिन्दू (आर्य) बना देते थे। स्वामी जी के इस कार्य के महत्व को समझे बिना कुछ संकीर्ण स्वार्थी महत्वाकांक्षी व्यक्तियों के मुसलमान भाइयों को भड़काने और गुमराह करने का दुष्कृत्य किया जिसके परिणामस्वरूप अब्दुल रशीद नाम के एक अर्मांध मुसलमान ने रुग्णावस्था में विश्वास करते हुए स्वामीजी पर 23 दिसम्बर 1926 को तीन गोली मार कर शहीद कर दिया। ऐसे धुन के धनी, सत्योपासक, मानवता के सेवक, महान देशभक्त, वीर बलिदानी शताब्दियों बाद जन्म लेते हैं। ऐसे महान राष्ट्रवादी महापुरुष को बार-बार प्रणाम।



(लेखक सेवानिवृत्त प्राचार्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है-

कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

## बच्चों को अच्छे संस्कार देने पर दें ध्यान



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बुढ़ापे में मिले सरकारी संरक्षण

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में सामने आया है कि हमारे देश में बुजुर्ग आबादी बहुत बढ़ेगी। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2046 तक वृद्धि दर 41 फीसदी होने का अनुमान है और शायद वर्ष 2050 तक यह आबादी दोगुना हो जाए। बुढ़ापा हर प्राणी को आता है। इनसान ही नहीं, बल्कि अन्य प्राणियों पर भी एक समय बाद बुढ़ापा आता है। इनसान को प्राणी जाति में सबसे ज्यादा समझदार प्राणी समझा जाता है, क्योंकि अच्छे-बुरे सोचने की क्षमता सबसे ज्यादा प्राणी जाति में ही होती है।

- विकास शर्मा, महासमुंद

## ट्रेंड

### असुरक्षा का सामना



यूक्रेन में लाखों लोग बढ़ते भय और असुरक्षा का सामना कर रहे हैं, क्योंकि युद्ध जारी है और सर्दियों की स्थिति शुरू हो गई है। संयुक्त राष्ट्र और साझेदारों का लक्ष्य आने वाले महीनों में 1.7 मिलियन लोगों तक महत्वपूर्ण आपूर्ति पहुंचाना है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### गाजा में भयानक संकट



मैं उन मौकों की गिनती भूल गया हूं जब मैंने सोचा था कि गाजा में संकट इससे भयावह नहीं हो सकता। लेकिन ऐसा फिर से हुआ है। हम 3 महीनों में 20,000 लोगों के मारे जाने की बात कर रहे हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे, महिलाएं शामिल हैं।

-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### खुशी फैलाता जीवन



तितली का जीवनकाल केवल कुछ दिनों से लेकर एक सप्ताह तक का होता है। फिर भी यह कितने आनंद से इधर-उधर उड़ता है! यह हर किसी में खुशी और प्रसन्नता फैलाता है। हमारा जीवन भी ऐसा ही होना चाहिए।

-माता अमृतानंदमयी, आध्यात्मिक गुरु

### ग्रामीण भारत बहुत सुंदर



ग्रामीण भारत बहुत सुंदर है, माता-पिता के रूप में, हमें प्रौद्योगिकी से दूर रहना बहुत कठिन लगता है, इसलिए हम अपने बच्चों के लिए मिसाल कायम कर रहे हैं। बच्चों को ग्रामीण जीवन से परिचित कराने के लिए उदयपुर के अडिंगा गाँव का दौरा किया।

-शिल्पा शेट्टी, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# कनाडा गाजा के नागरिकों को अस्थाई वीजा देगा



कनाडा ने गाजा पट्टी के उन लोगों को अस्थाई वीजा देने की घोषणा की है जिनके रिश्तेदार कनाडा में रहते हैं। कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने बृहस्पतिवार रात इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान नौ जनवरी तक शुरू हो सकता है। हालांकि संघीय सरकार ने युद्धग्रस्त क्षेत्र से नागरिकों की सुरक्षित निकासी का कोई आश्वासन नहीं दिया है। आव्रजन मंत्री मिलर ने कहा कि सरकार का ध्यान 660 कनाडाई नागरिकों, स्थाई निवासियों और उनके जीवनसाथियों तथा बच्चों को गाजा से बाहर निकालने पर है। मिलर ने कहा कि सरकार माता-पिता, दादा-दादी, भाई-बहन और पोते-पोतियों सहित कनाडा से जुड़े विस्तारित पारिवारिक संबंध वाले लोगों के लिए आवेदन स्वीकार करना शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि मानकों पर खरे उतरने वालों को सरकार तीन वर्ष के लिए वीजा देगी। मिलर ने कहा कि वह निश्चित तौर पर यह नहीं बता सकते कि इस अभियान के तहत कितने लोग कनाडा आ सकते हैं लेकिन उन्होंने कहा कि यह संख्या सैंकडों में हो सकती है। आव्रजन मंत्री ने साथ ही कहा कि कनाडाई नागरिकों को गाजा से निकालना मुश्किल रहा है 'हमारी क्षमताएं सीमित हैं।'

## ऑफ बीट

# मस्तिष्क की अवस्थाएं और तरंगें क्या होती हैं?



हमारे सभी सरल और जटिल व्यवहार, साथ ही हमारी अनुभूति (विचार) का आधार मस्तिष्क गतिविधि, या 'तंत्रिका गतिविधि' है। न्यूरॉन्स - मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाएं - विद्युत आवेगों और 'न्यूरोट्रांसमीटर' नामक रासायनिक संकेतों के अनुक्रम द्वारा संचार करती हैं। न्यूरॉन्स रक्त से मिलने वाले ईंधन के लिए बहुत लालची होते हैं और उन्हें साथी कोशिकाओं से बहुत अधिक समर्थन की आवश्यकता होती है। इसलिए, मस्तिष्क गतिविधि की साइट, मात्रा और समय का अधिकांश माप विद्युत गतिविधि, न्यूरोट्रांसमीटर स्तर या रक्त प्रवाह को मापने के माध्यम से किया जाता है। इस गतिविधि पर हम तीन स्तरों पर विचार कर सकते हैं। पहला एकल-कोशिका स्तर है, जिसमें व्यक्तिगत न्यूरॉन्स संचार करते हैं। लेकिन इस स्तर पर माप कठिन (प्रयोगशाला-आधारित) है और एक सीमित तस्वीर प्रदान करता है। इस प्रकार, हम नेटवर्क स्तर पर किए गए मापों पर अधिक भरोसा करते हैं, जहां न्यूरॉन्स या नेटवर्क की एक श्रृंखला सक्रिय होती है। या, हम संपूर्ण मस्तिष्क गतिविधि पैटर्न को मापते हैं जिसमें एक या अधिक तथाकथित 'मस्तिष्क अवस्थाएं' शामिल हो सकती हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# सांसदों के निलंबन पर विपक्ष का प्रदर्शन, सरकार पर 'लोकतंत्र खत्म करने' के प्रयास का आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के कई प्रमुख नेताओं ने हालिया शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों सदनों से 146 सांसदों के निलंबन के खिलाफ प्रदर्शन किया और सरकार पर 'लोकतंत्र खत्म करने' के प्रयास का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए 'इंडिया' गठबंधन के सभी नेता एकजुट हैं तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब अकेले कुछ नहीं कर सकते। जंतर-मतंर पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी, राष्ट्रीय जनता दल के नेता मनोज झा, द्रमुक नेता तिरुची शिवा और कई अन्य दलों के नेता शामिल हुए। खड़गे ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का नाम लिए बगैर कहा कि मुझे इस बात का बहुत धक्का लगा कि उच्च संवैधानिक पद पर बैठे लोग कहते हैं कि 'मैं इस जाति का आदमी हूं, इसलिए मुझे अपमानित कर रहे हैं। हमें सदन में नोटिस तक नहीं पढ़ने दिया जाता, तो क्या मैं ये कहूं कि मोदी सरकार दलित को बोलने भी नहीं देती!

## प्रदर्शन के मद्देनजर संसद और जंतर मंतर के पास कड़े सुरक्षा इंतजाम



### निलंबन से सिर्फ सांसदों का अपमान नहीं : राहुल गांधी

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि संसद के हालिया शीतकालीन सत्र में विपक्ष के 146 सांसदों को निलंबित करके न सिर्फ उनका अपमान किया गया, बल्कि देश की 60 प्रतिशत जनता का मुंह बंद कर दिया गया। उन्होंने सांसदों के निलंबन के खिलाफ जंतर-मंतर पर आयोजित विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन में यह भी कहा कि लड़ाई नफरत और मोहब्बत के बीच है तथा भारतीय जनता पार्टी जितनी नफरत फैलाएगी, 'इंडिया' गठबंधन उतनी ही मोहब्बत, भाईचारा और एकता फैलाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन पूरी तरह से एकजुट है।

### कुछ सांसदों के निलंबन के बाद साथी सदस्यों ने इसी तरह की कार्रवाई का अनुरोध किया: जोशी



**नई दिल्ली(भाषा)।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान व्यवधानों को लेकर विपक्ष पर हमला करते हुए संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार लोकसभा से सदस्यों के निलंबन की इच्छुक नहीं थी, लेकिन कुछ विपक्षी सदस्यों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई के बाद उनके कुछ साथियों ने खुद को भी निलंबित करने का अनुरोध किया। जोशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यदि विपक्ष को संसद में पारित तीनों नये आपराधिक कानूनों के खिलाफ कोई शिकायत है तो वह अदालत में जाने के लिए स्वतंत्र हैं। जोशी के साथ संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी थे। जोशी ने कहा कि हम सांसदों को निलंबित नहीं करना चाहते थे, हमने उनसे अनुरोध किया था।

### राहुल अपरिपक्व व अलोकतांत्रिक नेता, देश 'मोदी की गारंटी' पर भरोसा करता: ठाकुर



नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपरिपक्व और अलोकतांत्रिक नेता करार दिया और यहां जंतर-मंतर पर 'इंडिया' गठबंधन के प्रदर्शन को हल्के में लेते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों को बेवकूफ बनाने के दिन लद गए हैं क्योंकि वे अब प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर भरोसा करते हैं। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा चूक के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन की वजह से 146 सांसदों को निलंबित किए जाने की विपक्ष द्वारा सरकार की आलोचना के बीच सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि ऐसे संवेदनशील मामले पर सभी सांसदों को एक सुर में बोलना चाहिए था लेकिन राहुल गांधी जैसे नेता इसके बजाय झूठे आरोप लगा रहे हैं। ठाकुर ने राहुल गांधी को अपरिपक्व और अलोकतांत्रिक नेता बताते हुए कहा कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' के घटक दलों ने जनता के मुद्दों और महत्वपूर्ण विधेयकों पर संसद में चर्चा में भाग नहीं लिया और ऐसा लगता है कि हाल के विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार के बाद वे अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं।

## राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक शुरू

# लोस चुनाव में हैट्रिक की तैयारी 'मिशन 2024' में जुटी भाजपा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक शुरू हुई। ये बैठक दो दिनों तक चलेगी। इस दो दिवसीय बैठक में प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य भाजपा नेता शामिल हुए। बैठक शुरू होने से पहले मोदी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाई।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त होने के बाद शुक्रवार को राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक की शुरुआत की और पहले ही दिन आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों एवं लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के लिए आवश्यक भावी कार्यक्रमों की रुपरेखा तय करने के लिए मंथन किया।

तकरीबन साढ़े चार घंटे तक चली इस मैराथन बैठक के पहले दिन प्रधानमंत्री मोदी भी पूरे समय मौजूद रहे। भाजपा की बैठक को लेकर पार्टी की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया लेकिन सूत्रों ने बताया कि यह बैठक संगठनात्मक ढांचे को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सक्रिय करने और 'मोदी की गारंटी' को जनता के बीच अधिक से अधिक पहुंचाने पर केंद्रित रही। यह बैठक राजधानी स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय (विस्तार) में शुरु हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जे पी नड्डा ने की। बैठक में मौजूद एक सूत्र ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के वोट 10 प्रतिशत और बढ़ाने के लिए बूथ स्तर पर बेहद सक्रियता से काम करने के संबंध में एक विषय रखा। बूथ प्रबंधन को चुनौती के रूप में लेने का सुझाव देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके लिए मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का बूथ प्रबंधन उदाहरण हैं।




### 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' पर जोर देने की सलाह

सूत्रों के मुताबिक, इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं यदि गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं तक सही से पहुंच जाएं तो इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। जाति आधारित जनगणना के विषय को तूल देने की विपक्षी दलों की कोशिशों की काट के लिए हाल के दिनों में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके लिए गरीब, युवा, किसान और महिलाएं ही चार जातियां हैं और अगर इनका कल्याण हो जाए तो 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र होने से कोई नहीं रोक सकता। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने पदाधिकारियों को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' पर जोर देने की सलाह दी।

## यादव ने 'एक्स' पर की पोस्ट

# मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



दोनों उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ला भी साथ रहे

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और राज्य के विकास और जनहित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के बारे में उनसे चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान मध्य प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ला भी मौजूद थे। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नई दिल्ली में पीएम मोदी से भेंट कर मध्यप्रदेश के विकास, प्रगति और जनहित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया। मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से मध्यप्रदेश विकास के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान रचे, इसके लिए भाजपा सरकार कसर नहीं छोड़ेगी।

## सीतारमण बोलीं- 900 करोड़ दो किश्तों में जारी

# बारिश से संबंधित घटनाओं में तमिलनाडु में 31 की जान गई

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु में पिछले दिनों भारी बारिश के कारण राज्य के चार जिलों में 31 लोगों की जान चली गई। सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से कहा कि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु को 900 करोड़ रुपये की राशि दो किश्तों में जारी कर दी है जिसका इस्तेमाल चालू वित्त वर्ष में किया जाएगा।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, चेन्नई के पास तीन डॉप्लर समेत अत्याधुनिक उपकरण हैं।



### तमिलनाडु में भारी बारिश

**चेन्नई।** दक्षिणी तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रशासन ने अबतक 696 गर्भवती महिलाओं को सुरक्षि स्थानों में स्थानांतरित किया है।जिला कलेक्टर के अनुसार, ज्यादा से ज्यादा 142 गर्भवतियों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

### सेना की एसओपी अकेले ऑपरेशन पर न जाएं

### आतंकियों ने अमेरिका में बनी एम-4 कार्बाइन से बरसाईं थीं गोलियां, वे हेलमेट कैमरा भी पहने थे

**जम्मू/नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुंछ में हुए आतंकी हमले में 4 जवान शहीद हो गए। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की शाखा पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने ली है। आतंकवादियों ने सोशल मीडिया पर हमले वाली जगह की तस्वीरें भी जारी कीं, जिसमें उनके द्वारा अमेरिकन मेड एम-4 कार्बाइन राइफलों का इस्तेमाल करते हुए दिखाया गया है। एम-4 कार्बाइन राइफल 1980 के दशक के दौरान अमेरिका में निर्मित एक हल्की और गैस-संचालित गन है। यह अमेरिकी सशस्त्र बलों का प्रमुख हथियार है और इसका इस्तेमाल 80 से अधिक देश करते हैं। एम-4 को नजदीकी लड़ाई के लिए डिजाइन किया गया है और यह बहुत ही मारक है। 2016 के बाद से सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में मारे गए जैश-ए-मोहम्मद आतंकियों से स्टील की गोलियों के साथ चार एम-4 राइफलें बरामद की थीं। उधर, जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पुंछ में डेरा डाल दिया है। आतंकियों का साथ देने वाले दो ओवर ग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) को भी दबोचा गया है।

### कर्नाटक के पूर्व सीएम कुमारस्वामी ने की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट

**नई दिल्ली (भाषा)।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। एक दिन पहले ही कुमारस्वामी ने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के साथ मोदी से मुलाकात की थी। कुमारस्वामी ने राज्य के विकास के वास्ते केंद्र के समर्थन के आश्वासन के लिये उन्हें धन्यवाद दिया। भाजपा और जद (एस) ने इस साल मई में हुए राज्य विस चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद कर्नाटक में गठबंधन की घोषणा की है।

सार्वजनिक सूचना

कृपया ध्यान दें: प्राथमिकता III, IV & V उम्मीदवारों के लिए सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा प्रशिक्षण संस्थानों में पोस्ट_ग्रेजुएट डेंटल (एमडीएस) पाठ्यक्रमों में NEET MDS-2024 के माध्याम से प्रवेश

महानिदेशक सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा (DGAFMS) इच्छुक उम्मीदवारों को AFMS प्रशिक्षण संस्थानों में पोस्ट-ग्रेजुएट डेंटल (MDS) पाठ्यक्रमों के लिए, मई 2024 से शुरू होने वाले सत्र के लिए, सेवा आवश्यकताओं को पूरा करने के पश्चात बची हुई सीटों के लिए प्रवेश देगा। यह प्रवेश स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा परीक्षा (एनबीई), नई दिल्ली द्वारा आयोजित NEET (MDS)-2024 के आधार पर होगा।

(क) उम्मीवारों को सीटें क्रमानुसार प्राथमिकता III (पैरा मिलिट्री/भारत सरकार प्रायोजित उम्मीदवारों), प्राथमिकता IV (पूर्व एसएससी आर्मी डेंटल कोर अधिकारी) और प्राथमिकता V (असैनिक दंत शल्य चिकित्सक) के आधार पर उपलब्ध होगी। यह भी संभावना है कि प्राथमिकता श्रेणियों में से कुछ के लिए कोई सीट उपलब्ध नहीं हो, यदि सीट को प्राथमिकता और योग्यता में उच्च परीक्षार्थियों के आवंटित कर दिया गया हो।

(ख) इन प्रशिक्षण संस्थानों में पोस्ट-ग्रेजुएट डेंटल (MDS) करने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों को NEET (MDS)-2024 के लिए उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे NEET (MDS)-2024 की अधिसूचना पर नजर बनाए रखें। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इन्फॉर्मेशन बुलेटिन को सावधानी से पढ़ें।

PUBLIC NOTICE

ATTENTION ALL: ADMISSION TO POST GRADUATE DENTAL (MDS) COURSES IN ARMED FORCES MEDICAL SERVICES TRAINING INSTITUTES FOR PRIORITY III, IV & V CANDIDATES THROUGH NEET MDS-2024

Director General Armed Forces Medical Services will admit desirous candidates for **Post Graduate-Dental (MDS) Courses** at AFMS Training Institutes, **for balance of seats, if any** after fulfilling the service requirements, for the session starting in May 2024 on the basis of **NEET MDS-2024** to be conducted by National Board of Examinations (NBE), New Delhi, under the aegis of Ministry of Health & Family Welfare, GoI.

(a) The seats will be available to Priority **III** candidates (Para Militry/other Govt. of India sponsored candidates), Priority **IV** (Ex-SSC AD Corps Officers) Priority **V** (Civilian Dental Surgeons) in that order. **It is also likely that no seat may be available for some of the prioritized categories, if the same have been allotted to candidates higher in priority and merit.**

(b) Candidates desirous of pursuing Post-Graduates-Dental (MDS) Courses in these training institutions will have to **mandatorily** appear for **NEET MDS-2024**. Candidates are, therefore, advised to keep a lookout for the notification of NEET MDS-2024. **Candidates are advised to read the information Bulletin carefully.**

Cbc-10601/11/0058/2324

## भाजपा ने की कड़ी आलोचना

# छत्तीसगढ़ में साय मंत्रिमंडल का विस्तार, नौ मंत्रियों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को विष्णु देव साय मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया और राजभवन में नौ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही साय के मंत्रिमंडल सहयोगियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। छत्तीसगढ़ में साय मंत्रिमंडल के 12 सदस्यों में से पांच सदस्य ऐसे हैं जो पहली बार चुनकर आए हैं।

इनमें उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा तथा मंत्री ओपी चौधरी, टंक राम वर्मा और लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हैं। राजवाड़े कैबिनेट में सबसे कम उम्र की और एकमात्र महिला मंत्री हैं।

NATIONAL SUPERCOMPUTING MISSION
INFRASTRUCTURE | APPLICATIONS | R&D | HRD
प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक)
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की वैज्ञानिक संस्था
सी-डैक CDAC

सामाजिक रूप से वंचित समूह (एससी और एसटी युवा) के लिए हाई परफॉरमेंस कंप्यूटिंग (एचपीसी) स्नातकोत्तर डिप्लोमा मार्च 2024 वैच पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पंजीकरण

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित राट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के तहत, प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक) स्नातकोतर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के माध्यम से हाई परफॉरमेंस कंप्यूटिंग (एचपीसी) में कुशल और विशेषज्ञ जन संसाधन के निर्माण की दशा में काम कर रहा है। सी-डैक भारत के अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों से इंजीनियरिंग और विज्ञान के चयनीत विषयों में स्नातकोत्तर किए व्यक्तियों से हाई परफॉरमेंस कंप्यूटिंग (एचपीसी) पाठ्यक्रम में प्रवेशपाने हेतु सी-डैक कॉमन एडमिशन टेस्ट (सी-कैट) के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

**स्नातकोतर डिप्लोमा विषय :**

एचपीसी सिस्टम ऐडमिनिस्ट्रेशन (PG-DHPCSA)
एचपीसी ऐप्लकैशन प्रोग्रामिंग (PG-DHPCAP)

**पाठ्यक्रम एवं पात्रता के मुख्य बिन्दु :**

- आवेदन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के उम्मीदवारों के लिए है
- नि:शुल्क आवेदन और पाठ्यक्रम
- छात्रों को छ:(६) माह प्रशिक्षण के समय में सांकेतिक छात्रवृति
- 900 घंटे का पाठ्यक्रम और उत्तीर्ण छात्रों को भर्ती अवसर

**महत्वपूर्ण तिथियाँ :**

आवेदन की अंतिम तिथि: 3 जनवरी 2024
एनएसएम सी-डैक कॉमन एडमिशन टेस्ट:13-14 जनवरी 2024
पाठ्यक्रम प्रारंभ: 5 मार्च 2024

प्रवेश पात्रता, प्रवेश प्रक्रिया, प्रवेश पाठ्यक्रम, अनुसूची और अन्य नियमों और शर्तों के विवरण के लिए सी-डैक, ऐक्ट्स वेबसाइट https://www.cdac.in/NSMTrainingSCST को देखें।

CBC- 06132/12/0028/2324

ॲक्टस acts
ISO 9001:2015 Organisation

प्रशिक्षण केंद्र: एडवांस्ड कम्यूटिंग ट्रेनिंग स्कूल, प्रगत संगणन विकास केंद्र, सी-डैक इनोवैशन पार्क, पंचवटी,पाषाण, पुणे 411008 महाराष्ट्र भारत दूरभाष: 020-25503100,107,134,136 ईमेल:actssupport@cdac.in015



# वेस्टइंडीज ने जीती टी-20 श्रृंखला...

**तारोबा।** वेस्टइंडीज ने बेहद करीबी मुकाबले में आखिरी ओवर में विश्व चैंपियन इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर टी20 श्रृंखला 3-2 से जीत ली। सिर्फ 132 रन पर आउट हुई इंग्लैंड टीम ने डैथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करके मुकाबले को करीबी बना दिया। तेज गेंदबाज रीसे टॉपले ने 17वें ओवर में सिर्फ दो रन दिए और वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल का विकेट लिया। मध्यम तेज गेंदबाज सैम कुरेन ने 19वें ओवर में सिर्फ दो रन देकर आंद्रे रसेल को आउट किया। आखिरी ओवर में वेस्टइंडीज को नौ रन की जरूरत थी। जैसन होल्डर ने क्रिस वोक्स की पहली गेंद पर तीन रन निकाले। इसके बाद शाइ होप ने डीप प्वाइंट के ऊपर से छक्का जड़ दिया। वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 133 रन बनाकर चार विकेट से जीत दर्ज की। मेजबान टीम ने वनडे श्रृंखला भी 2-1 से जीती थी। होप ने 43 गेंद में 43 रन बनाए। पिछले मैच में तीन विकेट पर 267 रन बनाकर श्रृंखला में बराबरी करने वाली इंग्लैंड टीम उस लय को कायम नहीं रख सकी। फिल साल्ट ने 22 गेंद में 38 रन बनाए जबकि मोईन अली ने 23 और लियाम लिविंगस्टोन ने 28 रन की पारी खेली।




# डीन एल्गर ने किया संन्यास का ऐलान भारत के खिलाफ टेस्ट अंतिम श्रृंखला

*जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान डीन एल्गर ने शुक्रवार को कहा कि भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की आगामी श्रृंखला के बाद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। एल्गर ने 2012 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से 84 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने 13 शतक और 23 अर्धशतकों की मदद से 5146 रन बनाए हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक बयान में कहा, 'एल्गर दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बाद क्रिकेट को अलविदा कहेंगे। पहला टेस्ट उनके शहर सेंचुरियन में 26 से 30 दिसंबर तक खेला जाएगा। दूसरा केपटाउन में तीन से सात जनवरी के बीच होगा जहां उन्होंने पहला टेस्ट रन बनाया था।' एल्गर ने आठ वनडे भी खेले हैं और आखिरी वनडे 2018 में खेला था।*



## खबर संक्षेप



### इमरजेंसी के कारण भारत लौटे कोहली

**सेंचुरियन।** विराट कोहली पारिवारिक इमरजेंसी के कारण भारत लौट गए हैं लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पूर्व उनके लौट आने की उम्मीद है। कोहली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका में थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने शुक्रवार को बताया, 'विराट कोहली पारिवारिक इमरजेंसी के कारण भारत लौट गए हें लेकिन पहले टेस्ट से पूर्व लौट आएंगे।' कोहली पिछली बार भी दक्षिण अफ्रीका में कमर में चोट के कारण एक टेस्ट से बाहर रहे थे। वह 24 दिसंबर को लौट आएंगे और मैच से पूर्व अभ्यास में हिस्सा लेंगे। इस बीच भारतीय बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ भी ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला नहीं खेल सकेंगे।

### तीसरे टेस्ट से बाहर रह सकते हैं शाहीन



**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को कार्यभार प्रबंधन के लिए आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में तीसरे और आखिरी टेस्ट से बाहर रखा जा सकता है। पाकिस्तान को पहले टेस्ट में 360 रन से पराजय झेलनी पड़ी जिसमें पदार्पण कर रहे खुर्रम ने पांच विकेट लिए लेकिन वह घायल हो गए। वह मेलबर्न और सिडनी में बाकी दो टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। टीम के एक सूत्र ने बताया कि टीम प्रबंधन तेज गेंदबाजों के कार्यभार में संतुलन चाहता है, खासकर अफरीदी के क्योंकि टी20 विश्व कप में छह महीने से भी कम समय रह गया है।

### आईसीसी से मिली फटकार को चुनौती देंगे ख्वाजा

**मेलबर्न।** पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में बांह पर काली पट्टी बांधने के कारण आईसीसी से फटकार झेलने वाले आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने शुक्रवार को कहा कि वह इसे चुनौती देंगे क्योंकि उन्होंने आईसीसी को बताया था कि ऐसा उन्होंने निजी शोक के कारण किया है। ख्वाजा ने पर्थ में पिछले सप्ताह पाकिस्तान पर 360 रन से मिली जीत के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधी थी। वह 13 दिसंबर को अभ्यास सत्र के लिए उतरे तो उनके बल्लेबाजी के जूतों पर 'आल लाइव्स आर इकवल' और 'फ्रीडम इज ह्यूमन राइट' लिखा हुआ था। ख्वाजा ने कहा, 'आईसीसी ने पर्थ टेस्ट के दूसरे दिन मुझसे पूछा था कि काली पट्टी क्यों बांधी है और मैने कहा था कि यह निजी शोक के कारण है। मैने इसके अलावा कुछ नहीं कहा था। मैं आईसीसी और उसके नियमों का सम्मान करता हूं। मैं इस फैसले को चुनौती दूंगा। जूतों का मसला अलग था। मुझे वह कहकर अच्छा लगा लेकिन आर्मबैंड को लेकर फटकार का कोई मतलब नहीं है।'

## क्रिकेट : महिला टीम ने सात विकेट पर बनाए 376 रन, 157 की बढ़त

# स्मृति, जेमिमा, रिचा, दीप्ति की फिफ्टी भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर कसा शिकंजा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दीप्ति शर्मा (नाबाद 70) और पूजा वस्त्राकर (नाबाद 33) के बीच 102 रन की अटूट साझेदारी की मदद से भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां 157 रन की बढ़त हासिल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 219 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 376 रन बनाए थे। भारत की चार बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए जिनमें दीप्ति के अलावा स्मृति मंधाना (74), जेमिमा रोड्रिग्स (73) और अपना पहला टेस्ट मैच खेल रही रिचा घोष (52) शामिल हैं। दीप्ति और वस्त्राकर ने तब जिम्मेदारी संभाली जब भारत ने 14 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे। ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंदबाजों का उपयोग किया लेकिन केवल ऑफ स्पिनर एशले गार्डनर (100 रन देकर चार विकेट) ही अपना प्रभाव छोड़ पाई। महिला एशेज टेस्ट में आठ विकेट लेने वाली गार्डनर ने भारतीय बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया तथा अच्छी लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करके महत्वपूर्ण विकेट लिए।





### रिकार्ड से पांच रन दूर

*भारत का स्कोर एक समय सात विकेट पर 174 रन था लेकिन दीप्ति और वस्त्राकर के बीच आठवें विकेट के लिए शानदार साझेदारी से वह मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करने में सफल रहा। दीप्ति और वस्त्राकर भारत की तरफ से आठवें विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी का रिकॉर्ड बनाने से केवल पांच रन दूर हैं। दीप्ति ने अभी तक 147 गेंद का सामना करके नौ चौके लगाए हैं जबकि पहले दिन 53 रन देकर चार विकेट लेने वाली वस्त्राकर ने 115 गेंद का सामना करके चार चौके जड़े हैं।*

### रिचा डेब्यू में अर्धशतक जड़ने वाली भारत की 14वीं बल्लेबाज

*भारत की पारी का आकर्षण हालांकि युवा रिचा घोष और जेमिमा के बीच चौथे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी रही। यह भारत की तरफ से चौथे विकेट के लिए दूसरी सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बल्लेबाजी कर रही घोष ने आक्रमण और संयम का शानदार नमूना पेश किया। उन्होंने अपनी पारी में 104 गेंद का सामना करके सात चौके लगाए। घोष अपने पदार्पण मैच में अर्धशतक जड़ने वाली भारत की 14वीं बल्लेबाज बनी। जेमिमा और शुभा सतीश ने हाल में यह उपलब्धि हासिल की थी।*

### जेमिमा का लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक

जेमिमा ने स्वीप शॉट लगाने के अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश किया। उन्होंने अपने अधिकतर रन लेग साइड में बटोरे। जेमिमा की 121 गेंद की पारी में नौ चौके शामिल हैं। लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक बनाने वाली जेमिमा अपने पहले टेस्ट शतक की तरफ बढ़ रही थी लेकिन तभी उन्होंने गार्डनर की गेंद पर एनाबेल सदरलैंड को एक्स्ट्रा कवर कर आसान कैच दे दिया।

### मंधाना ने लगाए 12 चौके

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर अपना खाता भी नहीं खोल पाई और केवल दो गेंद खेल कर पवेलियन लौट गई। गार्डनर ने उन्हें पगबाधा आउट किया। गार्डनर ने इसके तुरंत बाद यास्तिका भाटिया (01) को भी आउट किया। इससे पहले भारत ने सुबह एक विकेट पर 98 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। मंधाना और स्नेह राणा (09) ने अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। गार्डनर ने राणा को बोल्ड करके यह साझेदारी तोड़ी। मंधाना रन आउट होकर पवेलियन लौटी। भारतीय उप कप्तान ने 106 गेंद का सामना किया तथा 12 चौके लगाए।

## इलेक्ट्रा स्टंप : अब स्टंप का रंग बताएगा किस गेंद पर क्या हुआ

बिग बैश लीग के 13वें सीजन में हो रहा इस्तेमाल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिग बैश लीग के 13वें सीजन में इस्तेमाल हो रहे इलेक्ट्रा स्टंप्स चर्चा का विषय बने हुए हैं। इन स्टंप्स का इस्तेमाल पहले महिला बिग बैश लीग में हुआ था। अब पुरुषों की लीग में भी इन स्टंप्स का इस्तेमाल हो रहा है। आधुनिक तकनीकि से लैश ये स्टंप पूरे क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बने हुए हैं। इन स्टंप में मैदान पर होने वाली घटनाओं पर अलग-अलग रंग की लाइट जलती है। इससे फैंस सिर्फ स्टंप का रंग देखकर समझ सकते हैं कि पिछली गेंद पर क्या हुआ है।

### कैसे काम करते हैं इलेक्ट्रा स्टंप?

*आउटः विकेट गिरने पर स्टंप का रंग लाल हो जाता है, इसके बाद इनका रंग ऐसा हो जाता है, जैसे आग लग गई हो। यह बल्लेबाज के लिए पवेलियन लौटने का संकेत है।*

*चौकाः चौका लगने पर स्टंप का रंग बदलने जाता है, वह अपनी पुराने रंग की बजाय दूसरे रंग के हो जाते हैं फिर पुराने रंग के होते हैं।*

*छक्काः छक्का लगने पर स्टंप का रंग एक छोर से बदलना शुरू होता है और दूसरे छोर तक जाता है। इसके बाद दूसरे छोर से पहले छोर तक आता है। (चौका लगने पर पूरे स्टंप का रंग एक साथ बदलता है, लेकिन छक्का लगने पर एक छोर से रंग बदलना शुरू होता है)*

*नो बॉलः नो गेंद होने पर लाल और सफेद रंग पूरे स्टंप पर चलने लगते हैं। इसमें रंग बदलने का अंदाज पूरी तरह छक्के के जैसा होता है, लेकिन यहां रंग सिर्फ लाल और सफेद ही होते हैं।*

*ओवरों के बीचः ओवर खत्म होने पर स्टंप में बैगनी और नीले रंग की लाइट चलने लगती है। यहां भी रंग बदलने का अंदाज छक्का लगने और नो बॉल होने के समान होता है, लेकिन यहां पर रंग नीला और बैगनी ही होते हैं।*

## नूरा कुश्ती के आधार पर हुआ भारतीय कुश्ती संघ का चुनावः डॉ. महेन्द्र सिंह

- कार्यकारणी में हरियाणा से कोई भी प्रतिनिधि नहीं लेना बड़ी साजिश

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष पूर्व डीजीपी डॉ. महेन्द्र सिंह मलिक ने हाल ही में हुए चुनाव पर खेद व्यक्त करते हुए कहा की यह चुनाव पूर्ण तौर पर पूर्व अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा मिल जुल कर नूरा कुश्ती के आधार पर सम्पन्न करवाया गया है। शुक्रवार क्रो डॉ महेन्द्र सिंह मलिक ने यहां जारी बयान में कहा की खेल मंत्री ने पीड़ति महिला पहलवानों तथा अन्य अंतराष्ट्रीय पहलवानों क्रो आश्वासन दिया था की कुश्ती संघ के चुनाव में आपको पूरा प्रतिनिधित्व दिया जायेगा लेकिन चुनाव में इनको कोई प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाना साजिस होने का प्रमाण है। डॉ मलिक ने कहा की चुनाव में गोवा, असम जैसे राज्य जहां कुश्ती का कोई नाम नहीं है ऐसी कुश्ती संघो द्वारा पूर्व प्रधान के इशारे पर नये प्रधान का चुनाव करवाया गया और दूसरे दो तीन नाम केंद्रीय खेल मंत्री द्वारा मनोनीत किये गए। पूर्व प्रधान ब्रजभूषण और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मिलजुल कर भारतीय कुश्ती संघ की कार्यकारिणी का चयन किया गया।

डॉ महेन्द्र सिंह मलिक ने कहा हरियाणा प्रदेश जिसके 50 प्रतिशत खिलाडी राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय खेलों ओलम्पिक, एशिन व कॉमनवेल्थ खेलों में पदक प्राप्त करते है लेकिन इसके बावजूद हरियाणा प्रदेश की इस चुनाव में पूर्णतया अनदेखी की है। हाल ही में चुनी गईं कुश्ती संघ की कार्यकारिणी में हरियाणा प्रदेश से कोई भी सदस्य कार्यकारिणी में सदस्य भी नहीं लिया गया यह प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए एक बहुत बड़ी साजिस है इससे भविष्य में खेलों काफ़ी आघात पहुंचेगा। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह मलिक ने खेद व्यक्त करते हुए कहा की महिला खिलाडियों की भी इस चुनाव में जान बुझ कर अनदेखी की गईं है भारत सरकार द्वारा 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का क़ानून बनाया गया जिसका बहुत बड़े स्तर पर प्रचार किया गया लेकिन कुश्ती संघ चुनाव में महिलाओं की भागेदारी शून्य रही है।

## पिछले 4 महीने चुनौतीपूर्ण थे शुक्र है कि शतक बना सका



*पार्ल। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि पिछले तीन चार महीने उनके लिए मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण थे लेकिन उन्होंने खुद पर काफी मेहनत की और पहला वनडे शतक बनाकर वापसी कर सके। भारत में इस साल हुए वनडे विश्व कप के लिए सैमसन टीम में जगह नहीं बना सके थे क्योंकि चयनकर्ताओं ने ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव को तरजीह दी। संजू ने तीसरे वनडे में 78 रन से मिली जीत के बाद कहा, 'पिछले तीन चार महीने मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण थे। उन सबसे गुजरकर यहां आकर शतक जमाना काफी बड़ी बात है। मैं बहुत खुश हूं।खेल मेरे खून में है। मेरे पिता भी खिलाड़ी रहे हैं लिहाजा हर झटके के बाद वापसी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। खुद पर मेहनत करते रहो और मजबूती से वापसी का प्रयास करो।'*

## सोनिया, कलैवानी की राष्ट्रीय मुक्केबाजी में जीत से शुरुआत

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड की सोनिया लाठेर और तमिलनाडु की एस कलैवानी ने महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पहले दिन शुक्रवार को यहां जीत से शुरुआत की। सोनिया ने 57 किग्रा के पहले दौर के मैच में मध्य प्रदेश की माही लामा के खिलाफ आक्रामक शुरुआत की और 5-0 से आसान जीत हासिल की। पिछले बार की रजत पदक विजेता कलैवानी ने 48 किग्रा भार वर्ग में केरल की मिलानो एमजे को आसानी से हराया। कलैवानी के आक्रामक रवैये के कारण रेफरी को तीसरे राउंड के बीच में ही मुकाबला रोकना पड़ा था। कलैवानी का



अगला मुकाबला हरियाणा की गीतिका से होगा जिन्होंने तेलंगाना की मेराज बेगम को हराया। हरियाणा की ही रिंकू (52 किग्रा) और तन्नु (57 किग्रा) भी अगले दौर में पहुंच गई हैं। एशियाई युवा चैंपियनशिप 2021 की रजत पदक विजेता उत्तराखंड की निवेदिता कार्की (48 किग्रा) ने मेघालय की वेरोनिया सोहसांग पर आसान जीत दर्ज की।

## सिफ्ट और रिदम ने निशानेबाजी ट्रायल्स में दर्ज की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिफ्ट कौर सामरा और रिदम सांगवान यहां चल रहे राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स मैच में शुक्रवार को यहां क्रमशः महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन और महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीत हासिल करने में सफल रहीं। सिफ्ट और रिदम इस तरह दोनों ट्रायल मैच जीतने वाली तीसरी और चौथी निशानेबाज बन गईं। नौसेना के किरण अंकुश जाधव ने पुरुष वर्ग के 10 मीटर एयर राइफल टी2 ट्रायल में जीत हासिल की। सिफ्ट शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने आठ महिलाओं के फाइनल में 464.8 अंक से ओलंपियन और सीनियर अंजुम मौदगिल को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। मौदगिल 461.7 अंक से



दूसरे स्थान पर रहीं। सेना की प्रिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी2 ट्रायल में रिदम ने 35 अंक से मनु भाकर को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया। मनु 32 अंक से दूसरे और पूर्व विश्व कप फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता हीना सिद्धू 27 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल में किरण जाधव ने 633.4 अंक से शीर्ष पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया जिसमें उन्होंने 252.8 अंक से पहला स्थान प्राप्त किया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25